चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 276, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 06 नवंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'किसी गरीब का चूल्हा बुझने नहीं दिया जाएगा'

## अगले 5 सालों तक देश के 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन दिया जाएगा: पीएम मोदी

**सिवनी**

**भाजपा के** वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मध्य प्रदेश के सिवनी में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जनजातीय समाज की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जनजातीय समाज को पहले अंधेरे में रखकर लूटा और अब गुमराह कर कर लूटने की तैयारी कर रही है। नरेन्द्र मोदी ने चुनावी राज्य मध्य प्रदेश में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा की सत्ता में वापसी पर विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को भी इस बात का स्पष्ट अंदाजा है इसलिए वह चुनाव लड़ने का केवल ढोंग कर रही है। इसका मकसद केवल चंदा इकट्ठा करना है। वहीं कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद की नहीं बल्कि अपने बेटे को सेट करने की लड़ाई चल रही है। कांग्रेस के दो बड़े नेता इस बात पर तकरार कर रहे हैं कि किसका बेटा कांग्रेस का मुखिया बनेगा। इस दौरान परिवारवाद पर हमला करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उपलब्धियों के नाम पर यहां केवल दादा-दादी और नाना नानी के किस्से सुना जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब कल्याण अन्न योजना को 5 साल का विस्तार दिए जाने को एक उपलब्धि बताया और कहा कि कोरोना काल में ही इस बात पर उन्होंने मन बना लिया था कि किसी गरीब का चूल्हा बुझने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले 5 सालों तक देश के 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन दिया जाएगा। केंद्र सरकार इस पर लाखों करोड़ों रुपये खर्च करेगी। कांग्रेस की सरकार में लाखों करोड़ों रुपये के घोटाले होते थे लेकिन उनकी सरकार में लाखों करोड़ों रुपये खर्च करके लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने किसानों के लिए यूरिया की कीमत बढ़ने नहीं देने की बात कही। उन्होंने कहा कि अमेरिका और पड़ोसी देशों में यूरिया 3000 से 4000 में मिल रहा है जबकि भारत में इसकी कीमत 300 के आसपास है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार एक ही परिवार का गुण गाती है। भाजपा सरकार ने जनजातीय महापुरुषों को स्थान दिया है।



### कारीगरों के लिए सरकार ने विश्वकर्मा योजना शुरू किया: मोदी

**15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस** मनाया जाता है। भोपाल के रेलवे स्टेशन का नाम रानी कमलावती पर रखा गया है। उन्होंने कहा कि जिन कारीगरों को कांग्रेस सरकार ने कभी पूछा भी नहीं, सरकार उनके लिए पीएम विश्वकर्मा योजना लेकर आई है। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि देश में मोबाइल की कीमतें काफी कम है और डाटा की कीमतें भी अन्य देशों के मुकाबले बहुत कम है। यह सब उनकी



सरकार के फैसलों के चलते हुआ है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस पर कभी भरोसा नहीं किया जा सकता।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस विकास का काम नहीं करती, लेकिन गरीब की जेब जरूर साफ कर देती है। कांग्रेस वाले कर्जमाफी की झूठी घोषणाएं करते हैं। पांच साल पहले भी इनके नेता कहते थे 10 दिन में कर्ज माफ करेंगे। 10 दिन तो छोड़िए, डेढ़ साल का समय इनको मिला, लेकिन ये किसान का कर्ज नहीं माफ कर पाए।

### माता-पिता नए वोटरों को बताएं कांग्रे की हकीकत: पीएम मोदी



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को नौजवानों की दुश्मन बताते हुए कहा कि मैं चाहता हूं कि जितने भी हमारे साथी हैं, और मैं खास कर- के हर माता-पिता से भी कहता हूं कि वे अपने बच्चों को बिठा कर उन्होंने जिस तरह से कांग्रेस राज में मुसीबतें झेलीं है उन्हें इन्हें बताएं। जिससे इसके बारे में उनको पता चले कि अच्छा ऐसे लोग भी मध्य प्रदेश में राज करते थे। और इसके जरिये नौजवानों को बहुत मदद मिलेगी और वह सही निर्णय कर पाएंगे, और वह अपना भविष्य भी पक्का कर सकते हैं। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने फिर से नौजवानों को कहा कि हो सकता है कि ये औरों के लिए तो सिर्फ ये सरकार बनाने के लिए वोट हो सकता होगा, लेकिन आपके लिए यह आपका भविष्य बनाने के लिए ये वोट है।

**मोदी के लिए हर गरीब ही सबसे बड़ी जाति**

पीएम ने कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों ने देश के लिए क्या-क्या नहीं किया। देश के कोने-कोने में जाकर देश को जोड़ा था। आज कांग्रेस क्या कर रही है। कांग्रेस आज समाज को बांटने के लिए साजिशें रच रही है। कांग्रेस भ्रम फैला रही है, झूठ बोल रही है। कांग्रेस लोगों को बांटकर वोट की फसल काटना चाहती है। मप्र के लोगों को मप्र के भविष्य के लिए ये तोड़ने वाली, बांटने वाली विचारधारा को जमींदोज कर देना है।

### गाजा: अस्पताल पर इजरायल के हमले में कई लोगों की मौत

**गाजा/अम्मान:** गाजा पट्टी के मुख्य युद्ध क्षेत्र स्थित संयुक्त राष्ट्र के आश्रय गृह और अस्पताल पर शनिवार को इजरायली सेना के हवाई हमले में कई लोग मारे गए है। हमास शासित गाजा पट्टी में इजराइल द्वारा हमले और आम नागरिकों की मौतों की बढ़ती संख्या से अंतरराष्ट्रीय नाराजगी बढ़ती जा रही है। वहीं अरब नेताओं ने सार्वजनिक रूप से अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन पर गाजा में तत्काल युद्धविराम सुनिश्चित करने के लिए दबाव डाला है। इसके कुछ ही घंटों बाद फिलिस्तीनियों ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित स्कूल में इजरायली हवाई हमले में कम से कम 15 लोग मारे गए। शीर्ष अमेरिकी राजनयिक ने एक संवाददाता सम्मेलन में अपने जॉर्डन और मिस्र के समकक्षों से कहा कि युद्धविराम केवल हमास को फिर से संगठित होने और इजरायल पर अधिक हमले करने की अनुमति देगा। इजरायल की सेना ने युद्ध क्षेत्र में फंसे नागरिकों के सुरक्षित दक्षिणी इलाके में जाने के लिए तीन घंटे सुरक्षित रास्ता देने की पेशकश की। वहीं, नेतन्याहू ने जोर देकर कहा है कि जब तक हमास द्वारा बंधक बनाए गए सभी बंधकों को रिहा नहीं किया जाता, तब तक कोई अस्थायी संघर्ष विराम नहीं हो सकता। मिस्र के अधिकारियों ने पहचान गुप्त रखते हुए बताया कि उनके देश और कतर ने रोजाना छह से 12 घंटे तक मानवीय आधार पर युद्ध रोकने का प्रस्ताव किया ताकि राहत पहुंचाई जा सके एवं घायलों को निकाला जा सके।

### पूरे प्रदेश के लिए मिसाल बनेगी गोण्डा की "हर घर नेकी की दीवार"

**गोण्डा**

गरीबों और वंचितों के जीवन स्तर को सुधारने और संवारने में जुटी योगी सरकार ने दीपावली के पावन पर्व पर उनके जीवन में रोशनी लाने के लिए रविवार को जनपद गोण्डा से एक विशेष अभियान की शुरूआत की है। गोण्डा जिला प्रशासन की पहल पर यहां 'हर घर नेकी की दीवार' विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत लोगों को घरों में पड़े पुराने कपड़ों, खिलौनों, जूतों जैसी निष्प्रयोज्य वस्तुओं को इधर-उधर नहीं फेंकने और इसे जरूरतमंदों तक पहुंचाने में जिला प्रशासन की मदद करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।




भारत के रन मशीन विराट कोहली ने अपने वनडे करियर का 49वां शतक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगाया। उन्होंने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में अफ्रीकी टीम के खिलाफ यादगार पारी खेली। कोहली ने रविवार (पांच नवंबर) को वनडे में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। खास बात यह है कि उन्होंने अपने 35वें जन्मदिन पर यह उपलब्धि हासिल की।

### दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण की वजह से प्राइमरी स्कूल 10 तक बंद

#### छठवीं से 12वीं तक के स्कूलों को ऑनलाइन क्लास लेने का विकल्प दिया गया

**नई दिल्ली**

दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण के चलते प्राथमिक स्कूल शुक्रवार (10 नवंबर) तक बंद रहेंगे। हालांकि छठवीं से 12वीं तक के स्कूलों को ऑनलाइन क्लास लेने का विकल्प दिया गया है। दिल्ली सरकार की शिक्षामंत्री आतिशी ने



रविवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर कहा कि वायु प्रदूषण का स्तर लगातार बहुत खराब बना हुआ है। इसलिए दिल्ली में प्राथमिक स्कूल 10 नवंबर तक बंद रहेंगे। ग्रेड 6-12 के लिए स्कूलों को ऑनलाइन कक्षाओं में शिफ्ट होने का विकल्प दिया गया है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक 450 के ऊपर बना हुआ है।

इसके चलते राजधानी की आबोहवा खतरनाक स्तर तक प्रदूषित है। इसको लेकर कई स्तर की पाबंदी लगाई गई हैं। राष्ट्रीय राजधानी के प्राथमिक स्कूल शुक्रवार से ही बंद हैं।

### जमानत पाए आतंक के आरोपियों के पैर में जीपीएस लगेगा



#### मूवमेंट पर नजर रखना आसान होगा, कश्मीर पुलिस ऐसा करने वाली देश की पहली फोर्स

**श्रीनगर**

भारत में सबसे पहला जीपीएस ट्रैकर हिजबुल मुजाहिद्दीन से जुड़े एक ऑपरेटिव गुलाम मोहम्मद को पहनाया गया है। गुलाम 2007 के टेरर फंडिंग केस में आरोपी है। जीपीएश एंकलेट सिस्टम के तहत उसके टखने में लॉक पहनाया गया है। इसके बाद उसके मूवमेंट की ट्रैकिंग पुलिस कंट्रोल रूम से की जाएगी।

**इस एंकलेट से फायदा क्या होगा:** इस तरह के एंकलेट का इस्तेमाल अमेरिका, यूके, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे देशों में जमानत, पेरोल और हाउस अरेस्ट (नजरबंद) आरोपी व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए किया जाता है। इससे जेलों में भीड़ कम होती है।

**कौन है गुलाम भट, जिसे जीपीएस ट्रैकर पहनाया गया:** स्पेशल एनआईए कोर्ट जम्मू के आदेश के बाद पुलिस ने गुलाम भट को जीपीएस ट्रैकर पहनाया है। गुलाम भट, उधमपुर में कई धाराओं समेत यूएपीए केस में आरोपी है। उसने अपनी जमानत के लिए याचिका लगाई थी। गुलाम को टेरर फंडिंग के ढाई लाख रुपए ले जाते हुए पकड़ा गया था। गुलाम, हिजबुल मुजाहिद्दीन से जुड़ा है।

### देश के 5 लाख मंदिरों के चारों ओर होगा अयोध्या जैसा आनंदोत्सव: चम्पत राय

**अयोध्या**

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने कहा कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में जब राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह हो रहा होगा उसे समय देश के 5 लाख मंदिरों के चारों ओर अयोध्या जैसा ही आनंद उत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉक्टर मोहन राम भागवत, उत्तर प्रदेश के राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे।

चम्पत राय रविवार को श्रीराम जन्मभूमि के सुग्रीव किला परिसर में आयोजित 'पूजित अक्षत कलश वितरण' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। चम्पत राय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में देश के 127 प्रकार के संप्रदाय के पूज्य आचार्य, 13 अखाड़े के प्रतिनिधि शामिल होंगे। रामलला के समक्ष पूजित अक्षत देश के सभी हिस्सों में लेकर कार्यकर्ता जाएंगे। एक से 15 जनवरी, 2014 के बीच कार्यकर्ता टोली बनाकर घर-घर जाएंगे और प्राण प्रतिष्ठा के दिन मोहल्ले के नजदीक मंदिर में एकत्रित आने का निमंत्रण देंगे। अयोध्या के कार्यक्रम का प्रसारण दूरदर्शन पर होगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं उडुपी स्थित पेजावर मठ के स्वामी श्री विश्व प्रसन्न तीर्थ महाराज ने कहा कि राम सिर्फ अयोध्या के ही नहीं बल्कि संपूर्ण गांव के हैं। इसलिए गांव-गांव में 22 जनवरी को राम उत्सव होना चाहिए।

### गाजा: प्रियंका गांधी ने युद्ध विराम का किया आह्वान

**नई दिल्ली**

**इजरायल** और हमास के बीच जारी युद्ध का 30वां दिन है। हमास के हमले के जवाब में इजरायल लगातार गाजा पर कार्रवाई कर रहा है। वहीं, इस संघर्ष में अब तक 10 हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई है। इस बीच, इजरायल ने शुक्रवार को गाजा में एक अस्पताल के पास एक एम्बुलेंस को निशाना बनाकर हमला किया, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई। वहीं, इजरायल द्वारा गाजा में एम्बुलेंस को निशाना बनाकर किए गए हमलों को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने रविवार को शर्मनाक बताया। उन्होंने तुरंत युद्धविराम लागू करने का भी आह्वान किया। उन्होंने गाजा शहर के अल-शिफा अस्पताल के बाहर एम्बुलेंस पर इजराइली के हालिया हमले का जिक्र करते हुए कहा कि यह घटना भयानक और शर्मनाक है।

### महिला सैनिकों को भी मैटरनिटी-चाइल्ड केयर लीव मिलेगी

#### अब तीनों सेनाओं में सभी रैंक की महिलाओं को मिलेगा एक समान अवकाश. रक्षामंत्री ने महिला सैनिकों, नाविकों और वायु योद्धाओं के लिए दी छुट्टियों को मंजूरी

**नई दिल्ली**

अब तीनों सेनाओं में सभी रैंक की महिलाओं को मातृत्व और बच्चों की देखभाल के लिए एक समान अवकाश मिलेगा। छुट्टी के नियमों में विस्तार करने और एक समान रूप से लागू करने पर सशस्त्र बलों की सभी महिलाओं को अपने पेशेवर और पारिवारिक जीवन में बेहतर तरीके से संतुलन बनाने में मदद मिलेगी।



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों में महिला सैनिकों, नाविकों और वायु योद्धाओं के लिए उनके अधिकारी समकक्षों के बराबर मातृत्व, बाल देखभाल और बाल गोद लेने की छुट्टियों के नियमों के विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह नियम जारी होने के साथ ही सेना में सभी महिलाओं को समान रूप से छुट्टियां मिलेंगी, चाहे वह अधिकारी हो या किसी अन्य रैंक में कार्यरत हों। रक्षा मंत्रालय का यह फैसला सशस्त्र बलों में सभी महिलाओं की समावेशी भागीदारी के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

छुट्टी नियमों में विस्तार देने से सशस्त्र बलों से संबंधित महिलाओं को पारिवारिक और सामाजिक मुद्दों से निपटने में काफी मदद मिलेगी। इससे सेना में महिलाओं की कार्य स्थितियों में सुधार होगा और उन्हें पेशेवर और पारिवारिक जीवन के क्षेत्रों में बेहतर तरीके से संतुलन बनाने में मदद मिलेगी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का हमेशा से मानना रहा है कि महिलाओं को हर क्षेत्र में अपने पुरुष समकक्षों के बराबर होना चाहिए। इसीलिए तीनों सेनाओं ने महिलाओं को सैनिकों, नाविकों और वायु योद्धाओं के रूप में शामिल करके एक आदर्श बदलाव की शुरूआत की है। महिला अग्निवीरों की भर्ती से सशस्त्र बल देश की भूमि, समुद्र और हवाई सीमाओं की रक्षा के लिए महिला सैनिकों, नाविकों और वायु योद्धाओं की बहादुरी, समर्पण और देशभक्ति से सशक्त होंगे।

दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन में ऑपरेशनल रूप से तैनात होने से लेकर युद्धपोतों पर तैनात होने के साथ-साथ आसमान पर हावी होने तक भारतीय महिलाएं अब सशस्त्र बलों में लगभग हर क्षेत्र में बाधाओं को तोड़ रही हैं। 2019 में भारतीय सेना में सैन्य पुलिस कोर में सैनिकों के रूप में महिलाओं की भर्ती के माध्यम से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि भी हासिल की गई है।

# सेवानिवृत्त डाकिया को बाइक सवार दो बदमाशों ने गोली मारकर किया जख्मी

**मऊआइमा के ग्राम महरौंडा में अपनी दवा की दुकान पर मरीज देखते समय हुआ हादसा**

अखंड भारत संदेश



**मऊआइमा।** मऊआइमा के महरौंडा गांव में देर शाम बाइक सवार दो बदमाशों ने सेवानिवृत्त डाकिया को उस समय गोली मारकर जख्मी कर दिए जब वह घर के बाहर मरीजों को देख रहे थे। जख़्मी सेवानिवृत्त डाकिया को पहले स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया बाद में एस आर एन में भर्ती कराया गया है। मऊआइमा पुलिस गांव पहुंच कर मौके पर एक जीवित कारतूस बरामद बरामद कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम महरौंडा निवासी मंजूर अहमद उर्फ मुन्ने 65 वर्ष पुत्र मकसूद अहमद गांव में डाकिया पद से सेवानिवृत्त होने के बाद घर पर दवा की दुकान कर लिए। बताते हैं कि रविवार को देर शाम एक बाइक पर दो सवार मुंह में गमछा बांधे आए और मंजूर अहमद से उनके छोटे भाई नन्हें उर्फ मसूद का नम्बर पूछे। बताते हैं जैसे मंजूर अहमद मोबाइल से नम्बर निकालने लगे बाइक सवारों ने मंजूर अहमद के पेट में गोली मार कर तेजी से भाग निकले। आवाज से आस पास गांव में हड़कंप मच गया।मौके स्थानीय थाने की फोर्स पहुंच कर जमीन पर गिरे 32बोर का कारतूस बरामद कर गांव में लगे सीसी कैमरे से बदमाशों की शिनाख्त करने में जुटी हुई थी। बताते हैं कि मंजूर अहमद को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद एस आर एन में भर्ती कराया गया है।उधर मऊआइमा थाने में अज्ञात बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। बताते हैं कि मंजूर अहमद से किसी से कोई दुश्मनी नहीं है बल्कि उनके छोटे भाई नन्हें उर्फ मसूद अहमद जमीनी कारोबार करते हैं हो सकता है किसी से कोई अनबन हुई हो ।यह तो जांच का विषय है फिलहाल उक्त घटना से गांव में सनसनी फैल गई है।

## एंटी लारवा कीटनाशक दवा का छिड़काव न होने से बढ़ रहे मरीज

**बीडीओ मांडा ने सचिव व ग्राम प्रधानो से दवा छिड़काव करवाने का निर्देश रहा बेअसर**

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के विकासखंड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत ग्राम पंचायतो व भारतगंज नगर पंचायतो के कस्बों एवं ग्रामीण अंचलों में बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। मच्छरों ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में सबसे अधिक मरीज बुखार के आ रहे हैं। पहले जिस बुखार को चिकित्सक वायरल बुखार करते थे वही बुखार अब लोगों के लिए जान का जोखिम बन गया है।प्लेटस डाउन होना अब आम बात हो गई है। मांडा क्षेत्र में मरीजों को उपयोग के लिए बकरी का दूध लोगों को नहीं मिल पा रही है। पपीते के पत्ते के लिए भी मारामारी है। ग्रामीण अंचल की दुकानों में भी नारियल का पानी खूब बिकने लगा है। हालत यह है कि उच्च न्यायालय ने प्रयागराज में डेंगू के प्रकोप से लगातार हो रही मौतों पर डीएम सहित अन्य जिम्मेदार अफसरों को कोर्ट में तलब कर डेंगू से निपटने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। मांडा सहित अन्य विकास खंडों में एंटी लारवा कीटनाशक दवा का छिड़काव अभी तक नहीं हो सका है। बीडीओ का कार्यालय ग्राम प्रधानों को दवा लेने के लिए सीएचसी भेज रहे हैं। सीएचसी में प्रधानों को भी दवा नहीं मिल रही है। सच्चाई यह है कि अधिकारी अपने ग्राम पंचायत अधिकारियों में से ग्राम पंचायत अधिकारी प्रधान से और प्रधान अपने कर्मचारियों से अपनी अपनी बातें करने में लगे हैं काम कुछ भी नहीं हो पा रहा है।

# महोत्सव मंच पर संस्कृति एवं आचार्य जन सम्मान समारोह का आयोजन

अखंड भारत संदेश



**करछना।** क्षेत्र के रामपुर स्थित बृज मंगल सिंह इंटर कालेज में चल रहे 25वें जमुनापार महोत्सव के छठवें दिन आयोजित आचार्यजन सम्मेलन में पहुंचे विद्वतजनों ने अपनी संस्कृति और सनातन की महिमा बखानी। राष्ट्रपति सम्मानित महामहोपाध्याय रहस बिहारी द्विवेदी की अध्यक्षता में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभागाध्यक्ष प्रो0 गिरिजा शंकर शास्त्री और गंगानाथ झा संस्कृत संस्थान प्रयागराज से पधारे प्रो0 मनोज मिश्र ने जमुनापार की पौराणिकता,परंपरा और पवित्रता को लेकर आचार्यजनों को अपनी इस परंपरा को सहेजने पर बल दिया।महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय दिल्ली से आये प्रो0 निलिम्प त्रिपाठी ने यमुना और यमुनापार की महिमा का गुणगान करते हुए आचार्यजनों को अपनी लोक संस्कृति और वैदिक परंपरा का अनुशीलन करते हुए अतीत की विरासत को संजोए रहने पर बल दिया।प्रो0 हरिराम मिश्र सहित राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वानों ने भी प्रयागराज और यमुनापार की महिमा का बखान किया।अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद एम.एल.सी.केपी श्रीवास्तव ने महोत्सव की परंपरा को सराहते हुए यमुनापार में संस्कृति संस्कार का अलख जगाये रहने की बात कही।संचालन गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रो0 सूर्यकांत त्रिपाठी ने किया।उधर दूसरे सत्र में रामकथा के दौरान भरत की महिमा का गुणगान करते हुए विनोदानंद जी महराज ने भरत सरिस को राम सनेही। जग जप राम,राम जप जेहिं के द्वारा भक्त और भक्ति की साधना का मार्मिक व्याख्यान प्रस्तुत किया। संयोजक डॉ. भगवत पांडेय ने आचार्यजन सम्मेलन में पधारे सभी राष्ट्रीय विद्वानों का मंच पर सारस्वत सम्मान करते हुए कहा कि उनके ही स्नेह की ऊर्जा से अनवरत महोत्सव गौरवान्वित हो रहा है। महोत्सव की यह परंपरा अपनी प्रीति,रीति और नीति के साथ जमुनापार की माटी के शहीद, सेनानियों, विद्वानं,पौराणिक स्थलों, साहित्यकारों, प्रतिभाओं, लोक कलाकारों और संतो को एकमंच पर संजोते हुए आगे बढ़ रही है। इस दौरान सभी आचार्यजनों का चंदन तिलक और अंग वस्त्रम से सम्मान किया गया।इस मौके पर दिव्यानंद जी महराज,फलाहारी बाबा,बृजेश तिवारी,मदन मोहन शंखधर, मनीष तिवारी,अनुज मिश्र, कमला शंकर त्रिपाठी,रामबाबू पाल रामललक, अतुल तिवारी,पंकज उपाध्याय,संजीव तिवारी,लाल बहादुर कुशवाहा समेत बडी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### चनेथू की रामलीला में राम सुग्रीव मित्रता, बाली सुग्रीव युद्ध, लंका दहन का मंचन



**जंघई।** आदर्श नवयुवक रामलीला समिति चनेथू डीह की रामलीला मंचन में शनिवार रात्रि में श्रीराम सुग्रीव मित्रता, बाली सुग्रीव युद्ध और लंका दहन की लीला दिखाई गई।राम, लक्ष्मण, सीताजी की खोज करके हुए ऋषिमोक पर्वत पर सुग्रीव व हनुमान से मिलते हैं और सुग्रीव से मिलकर मित्रता का प्रण करते हैं और बाली वध करके किष्किंधा का राज सुग्रीव को दिलाते है।सुग्रीव पूरी वानर सेना व हनुमान को सीताजी की खोज में भेज देते है हनुमान जी लंका में पहुंचकर माता सीता से भेंट करते है और भूख लगने पर अशोक वाटिका में फल खाकर सब पेड़ पौधे तहस नहस कर देते हैं। सूचना पर अक्षय कुमार पहुंचता है जिसको युद्ध में हनुमान मार गिराते हैं इस पर मेघनाथ हनुमान को अपराधी मानकर बंदी बनाकर रावण के दरबार मे पहुचते हैं।रावण क्रोधित होकर हनुमान की पूंछ में आग लगाने का आदेश देते है हनुमानजी उसी जलती हुई पूंछ से सोने की लंका में आग लगाकर राम जी के पास आते है।रामलीला मंचन के पात्रों में सुशील उपाध्याय, उदयराज उपाध्याय, अनिल पांडेय, अभिनव पांडेय, निलेश उपाध्याय, चंदन सिंह, लवकुश उपाध्याय, रवि उपाध्याय, विशाल उपाध्याय, अनुज उपाध्याय, मनीष तिवारी, राजा तिवारी, अतुल तिवारी, अंकेश तिवारी, दीपक उपाध्याय, रॉकी पांडेय, निखिल पांडेय, कौशल उपाध्याय, ऋषभ उपाध्याय, स्वरूप उपाध्याय, अंकित उपाध्याय, हर्ष उपाध्याय, कुणाल उपाध्याय, अवधेश तिवारी, शनि, विपिन मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, मालिक पांडेय, पवन उपाध्याय, आनंद उपाध्याय, गौरव मिश्रा, विवेक मिश्रा, ओम मिश्रा, जिगर मिश्रा, अंकुश मिश्रा, दिनेश गौड़, बच्ची गौड़, गंगा गौड़, राजेश गौड़, सचिन गौड़, सनी गौड़ आदि लोग मौजूद रहे।

### राम के सद्गुणों संस्कारों का अनुसरण मनुष्य को करना चाहिए : डॉ एस एल ओझा



**करछना।** माता-पिता सहित गुरु के प्रति सेवा व समर्पण भाव रखने वाला मनुष्य सारे संसार को अपने वश में करने में सफल रहता है। ऐसा हम सभी को मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों के साथ उनकी शिक्षा से सीख लेनी चाहिए । और उनके सद्गुणों सहित संस्कारों का अनुसरण करना चाहिए। उक्त बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ एल एस ओझा ने भडेव़रा गांव में नवयुवक कमेटी के कलाकारों की ओर से खेली जा रही रामलीला में धनुष यज्ञ नामक रामलीला के मंचन में शनिवार की रात बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कही । उन्होंने धनुष यज्ञ मंचन नामक रामलीला का दीप प्रज्वलित करके मंचन का शुभारंभ किया। धनुष यज्ञ मंचन में दर्शकों की भीड़ रही । धनुष टूटते ही जय श्री राम के हुए उद्घोष से पूरा पंडाल गुंजायमान रहा । सीता ने भगवान श्रीराम को जय माल किया । और लोगों की ओर से पुष्प वर्षा की गई। इसके अलावा रोमांचक ढंग से परशुराम लक्ष्मण संवाद कलाकारों की ओर से आयोजित हुआ। जिसमें विश्वामित्र अनमोल शुक्ल, राम यश मिश्र, लक्ष्मण रामकृष्ण मिश्र, जनक प्रभाकांत मिश्र, सुमति श्याम प्रभाकर मिश्र, विमति पंकज मिश्र, नारद देव प्रभाकर मिश्र, रावण प्रज्ञाभ मिश्र, बाणासुर पंकज तिवारी, पेट्टल राजा धर्मेंद्र कुमार शर्मा , शरद ओझा , देवकांत मिश्र, परशुराम गौरव मिश्र, ने अभिनय करके दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। व्यास के रूप में कमला शंकर शुक्ल रहे।

### प्रबंधक ने वितरित किया स्मार्ट फोन, छात्राओं ने जताई खुशियां



**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के मान्यवर कांशीराम महाविद्यालय पनासा, करछना में छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किया गया। वहीं छात्राओं ने स्मार्ट फोन पाकर खुशियां जताई। रविवार को मान्यवर कांशीराम महाविद्यालय पनासा करछना के प्रबंधक रणजीत सोनकर ने 55 छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किया और फोन के माध्यम से छात्र छात्राओं को पढ़ने के लिए प्रेरित किया। वही स्मार्ट फोन पाकर छात्र छात्राओं ने खुशियां जताई। वितरित कार्यक्रम में ग्राम प्रधान बब्लू यादव एवं समस्त स्टॉफ मौजूद रहे।

### पीवीआर एकेडमी के नौनिहालों ने जानी प्रयागराज की दार्शनिक स्थलों की महत्ता



**करछना।** जिले के करछना तहसील के अंतर्गत ग्राम सभा भरहा में स्थित पीवीआर एकेडमी के प्रबंधक एपी सर के नेतृत्व में 'स्त्रॅ से लेकर कक्षा पांच तक के बच्चों को एक दिवसीय टूर यात्रा कराई गई प्रयागराज जिले में दार्शनिक स्थल संगम तट पर स्थित अकबर द्वारा बना किला बड़े हनुमान जी की मंदिर नव लखा मन्दिर के साथ ही आनन्द भवन , इलाहाबाद यूनिवर्सिटी, उच्च न्यायालय इलाहाबाद, भरद्वाज आश्रम , कम्पनी बाग , सहित अन्य स्थानों पर बच्चों को भ्रमण कराया गया जहां उनके स्थानों और उनकी विशेषताओं के बारे में जानकारी भी दी गई इस मौके पर पीबीआर एकेडमी के प्रबंधक एपी सर ने बताया की हर वर्ष नौनिहालों को एक दिवसीय टूर यात्रा कराई जाती हैं इस दौरान उन्हें जिन जिन स्थानों पर ले जाया जाता है उनकी विशेषताओं के बारे में बच्चों को बताया जाता है जिससे उनके बारे में जानकारी बच्चों को आसानी से मिल जाती है ।

# गिरधरपुर उप स्वास्थ्य केन्द्र जर्जर, बना पशुशाला, नव निर्माण करने की मांग

**सात खण्डो में बना उप स्वास्थ्य केन्द्र, अराजकतत्वों द्वारा किया जा रहा कब्जा**

**जिम्मेदार अधिकारी अभिलेखों में नाम दर्ज न होने पर पल्ला झाड़ा**





प्रदीप कुमार

**माण्डा।** विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत 69 ग्राम पंचायतो में ब्लॉक मुख्यालय से चन्द्र दूरी पर स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र गिरधरपुर की देख रेख के अभाव में जर्जर होकर सात खण्डो में बना लाखों रुपए की अपनी दयनिकता पर आंसू बहा रही हैं। वहीं अराजकतत्वों द्वारा अवैध रूप से कब्जा व अतिक्रमण किया जा रहा है। जिम्मेदार अधिकारी अभिलेखों में नाम दर्ज न होने का बहना बता कर पल्ला झाड़ लेते हैं। जिससे अतिचारियो ने धीरे - धीरे उस कब्जा दखल कर रहे हैं। गिरधरपुर ग्राम पंचायत में मांडा, हाटा, कोरांव सम्पर्क मार्ग के समीप स्थित गिरधरपुर तिराहा पहाड़ी पर उप सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पूर्व प्रधानमंत्री/ प्रति रक्षा मंत्री भारत सरकार माण्डा राजा स्व0विश्व नाथ प्रताप सिंह के कर कमलों द्वारा उप स्वास्थ्य केन्द्र का शिलान्यास किया गया था। उप सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजनान्तर्गत गिरधरपुर तिराहा पहाड़ी,माण्डा का उदघाटन मा0लोकपति त्रिपाठी स्वास्थ्य मंत्री उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में 17 मार्च 1987 को सम्पन्न हुआ। जो कि लगभग सात बिगहे की भूमि में बना ईमारत सात खण्डो में लाखों रुपये की लागत से तैयार किया गया था।आज तैतीस सालों से बनी इमारत देख रेख के अभाव में जर्जर होकर आंसू बहा रहा है। जिसमें न तो कोई डॉक्टर उप केन्द्र पर बैठे और न ही उसकी साफ-सफाई की गई। स्वास्थ्य केन्द्र का हाल इस समय पशुओं का पशुशाला तथा लोगों का शौचालय बना हुआ है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि मेजा विधानसभा के कई विधायक व ग्रामप्रधान के अलावा जन प्रतिनिधि चुने गए फिर भी गिरधर पुर तिराहा पहाड़ी पर बना उप स्वास्थ्य केन्द्र का देख रेख नही हुआ। जहाँ कि 90फीसद दलित समुदाय के लोग गुजर बसर करते हैं। संविधान के निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर दलितों व शोषितो को अपने कुल गुरु की स्मृति के लिए डॉ0साहब व गौतम बुद्ध की मूर्ति कि स्थापना कर पार्किंग बनवाने के लिए एक हेक्टेयर भूमि स्वीकृत किया गया था। जिसमें आज अन्य ग्राम सभा के लोगों से पैसा लेकर भूमि पर अवैध कब्जा करवा दिया गया है।

### राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजनान्तर्गत सामुदायिक विकास केन्द्र का शिलान्यास

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजनान्तर्गत इस सामुदायिक विकास केन्द्र का शिलान्यास मा0मंगलदेव द्विवेदी ब्लाक प्रमुख माण्डा के कर कमलों द्वारा 10 अक्टूबर 1986 को सम्पन्न हुआ। तथा शिलान्यास के समय सम्मानित गण बी0डी0ओ0 माण्डा भगवत सिंह, विधायक मेजा विश्राम दास, जिलाधिकारी पी0सी0चतुर्वेदी आदि के कार्यकाल में स्थापित किया गया था।

### कुछ ही दिनों तक डॉक्टरों की तैनाती रही

विगत 2005 में कुछ दिनों के लिए डॉक्टरों की नियुक्तियां रही तो पंद्रह किमी0 के मरीजों का उपचार निश्चित समय से बीमारी का इलाज हो जाया करता था।और छोटी -छोटी बीमारियों का इलाज उप स्वास्थ्य केंद्रों पर ही हो जाया करता था जिससे सीएचसी माण्डा में मरीजों का इतनी भीड़ का जमावड़ा नही होता था। आज इन उप स्वास्थ्य केंद्रों को ध्वस्त होने से लोगों को काफी परेशानिया झेलनी पड़ रही हैं।जैसे-जैसे सरकार बदलती गई वैसे-वैसे पार्क की भूमि व उप स्वास्थ्य केन्द्रो का हाल बेहाल होता गया। तथा दूर-दरार से आ कर भूमि को अवैध ढंग से कब्जा कर रहे हैं। क्षेत्रीय लोंगो का आशय है कि आज की सूबे की सरकार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गिरधरपुर तिराहा पर स्थित उप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नव निर्माण कर उपचार हेतु डाक्टरों की नियुक्तियां किये जाने की मांग की गई है। माण्डा के लोगों द्वारा डीएम का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्कालीन उप स्वास्थ्य केंद्र व पार्क की भूमि को अवैध कब्जा करने से रोका जाए और उसकी साफ-सफाई करवाकर उपचार हेतु डॉक्टर की नियुक्ति किये जाने की मांग की।



वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मांडा अधीक्षक डॉ अजीत सिंह ने बताया कि गिरधरपुर तिराहा पहाड़ी पर स्वास्थ्य केन्द्र के लिए निर्माण किया गया था तो उसकी अतिशीघ्र स्थलीय जांच कर अग्रिम कर्रवाई की जाने की बात कहा हैं। गिरधरपुर तिराहा पहाड़ी,हाटा, मार्ग के समीप उप स्वास्थ्य केन्द्र का पूर्व प्रधानमंत्री राजा विश्वनाथ प्रताप सिंह के कर कमलों द्वारा भूत पूर्व ब्लॉक प्रमुख मांडा मंगल देव द्विवेदी के नेतृत्व में उद्घाटन किया गया था। जो देख रेख के अभाव में जर्जर होकर अपनी दयनिकता पर आंसू बहा रहा है।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मांडा**
**अधीक्षक डॉ अजीत सिंह**

# श्री राजराजेश्वरी महाशक्ति पीठ चक्रसुदर्शन पुरी में सहस्त्र चण्डी महायज्ञ का आयोजन





अखंड भारत संदेश

**प्रतापपुर।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विश्व कल्याणार्थ हेतु श्री राज राजेश्वरी महाशक्ति पीठ चक्रसुदर्शन पुरी राज राजेश्वरी महाशक्ति पीठ धनूपुर प्रयागराज प्रांगण में एकविंशति श्रीमद् सहस्त्र चण्डी महायज्ञ का आयोजन किया गया है।कार्यक्रम आयोजक शक्ति पीठाधीश्वर रामानुजाचार्य स्वामी हरिप्रपन्नाचार्य महाराज ने बताया कि इस घोर कलिकाल में दैहिक दैविक, भौतिक तापों से संतप्त अकाल एवं बाधाओं से व्यथित व्याधियों से पीड़ित जनकल्याण के लिए एक मात्र साधना यज्ञ ही है जिसमें सम्मिलित होकर होकर पुण्य के भागी बने। साप्ताहिक कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा एवं पंचांग पूजन के साथ यज्ञ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रेरणास्त्रोत स्वामी रंगरामानुजाचार्य महाराज, मुख्य कथा वाचक स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज नृसिंह मंदिर दारागंज प्रयाग, यज्ञाचार्य आचार्य अशोक कुमार शुक्ल, आचार्य आद्या प्रसाद तिवारी, उपाचार्य मदन गोपाल मिश्र, अंबुज द्विवेदी, व्यवस्थापक ईश्वरचंद्र शुक्ल, आशाराम शुक्ला, अनुज महाराज मानस भास्कर, विवेक शुक्ल, अभिषेक शुक्ल, हर्षवर्धन शुक्ल, उत्कर्ष शुक्ल, लोलारख शुक्ल मुन्ना, दीपक शुक्ल, नीरज शुक्ल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## सपा विधानसभा कमेटी समीक्षा बैठक में प्रदेश कार्यालय से पहुंचे पर्वेक्षक

**कोरांव।** समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के दिशा निर्देश पर प्रदेश कार्यालय लखनऊ से चलकर विधानसभा कार्यालय में समीक्षा बैठक एवम कार्यकताओं को प्रशिक्षण देने पहुंचे समाजवादी पार्टी के पर्वेक्षक टी एन सिंह और अम्बिका प्रसाद ने मतदाता सूची में नाम बढ़ाने घटाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा की मौजूदा सरकार कुंठित मानसिकता से ग्रसित होकर समाजवादी विचारधारा से जुड़े लोगो का नाम तेजी से मतदाता सूची से गायब करने का कुत्सित प्रयास कर रही है इसलिए पार्टी जनों की जिम्मेदारी बनती है की किसी भी कीमत पर सरकार अपने मंसूबों पर सफल न होने पाए।मौके पर उपस्थित पप्पू लाल निषाद जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी ने कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा की पार्टी के कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ है और समस्त कार्यकताओं की जिम्मेदारी बनती है की वह अपने अपने गांवों में अपना बूथ करो मजबूत के तर्ज पर युद्ध स्तर पर धरातल पर कार्य करे ताकि नेता जी मुलायम सिंह यादव के सपनो को साकार किया जा सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश पांडे विधानसभा प्रभारी सोमदत्त सिंह पटेल विधानसभा अध्यक्ष जगदीश यादव रविंद्र जैसल महासचिव लल्लन सिंह पटेल मेहताब खान नगर अध्यक्ष रामदेव निडर राम प्रवेश चौहान लाल जी पाल निराला हरि प्रसाद पाल शिवदानी पाल कमलेश यादव बंश नारायण यादव नौशाद अंसारी शहादत अली पवन सोनकर गीता भारतीय जय शंकर भारतीय राम निरंजन विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## सपा जिला सचिव बने हिमांशु सिंह का कार्यकताओं ने किया स्वागत



**मेजा।** समाजवादी पार्टी यमुनापार का जिला सचिव मनोनीत होने पर रविवार को मेजा के भड़ेवरा निवासी हिमांशु सिंह को अपना-अपना आशीर्वाद व स्नेह देंने एवं युवाओं द्वारा माला पहनाकर स्वागत करने का सिलसिला चलता रहा सपा नेतृत्व के निर्देश पर यमुनापार के जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद द्वारा हिमांशु सिंह को दी गयी इस जिम्मेदारी से लोगो मे खुशी है। विदित हो कि हिमांशु सिंह सपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सचिव नरेंद्र सिंह के सुपुत्र हैं एवं पेशे से अधिवक्ता है। हिमांशु सिंह सामाजिक कार्यों एवं राजनीति मे विशेष सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। कई वर्षों से पार्टी मे सक्रिय रहते हुए "समाजवादी यूथ मिलन समारोह" का आयोजन करके युवाओं में काफी लोकप्रिय है।भड़ेवरा पहुँच कर उनको आशीर्वाद देने वाले और स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से सी0एम0पी डिग्री कालेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह राहुल,प्रेमचंद यादव, फिरोज खान,भोला पाल, संतबक्स सिंह,अरविंद यादव, शिवानन्द शुक्ला, सुनील सिंह, मोहित शर्मा,ललित दुबे,चम्मन यादव,लाल जी यादव,दिव्यांशु शुक्ला, दुर्गेश शर्मा,प्रमोद शर्मा,पंकज विश्वकर्मा सहित अन्य कई लोग रहे।

## पीस कमेटी : बिजली पानी सड़क पर बने गढ्ढे को लेकर छाया रहा मुद्दा

**मांडा।** दीपावली त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए भारतगंज पुलिस चौकी पर रविवार को पीस कमेटी बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता कर रहे मांडा थानाध्यक्ष संजय संधू ने सभी व्यापारियों को शांतिपूर्वक ढंग से पारंपरिक त्योहार को मनाने की सलाह दी। तथा दीपावली त्यौहार को शान्ति पूर्ण ढंग से मनाने की अपील किया। व्यापारियों को विस्फोटक सामग्री बेचने पर रोक लगाते हुए बाजारों में पाए जाने पर कार्रवाई करने की बात कही। वही मांडा थानाध्यक्ष ने कहा कि न्यायालय की गाइड लाइन का पालन करते हुए। दीपावली त्यौहार को शान्ति पूर्ण ढंग से पारंपरिक तरीके से मनाए। धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने वाले अराजक तत्वों पर खास निगरानी रखी जायेगी। वही बैठक में बिजली पानी का मुद्दा छाया रहा। , एसएसआई राम केवल यादव, एसआई रामायण सिंह के अलावा राजीव सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, याकीब शंकिल टंकी, तबस्सुम, संजय सोनकर, जितेंद्र केशरी, राजन केशरी, डॉक्टर असद , मिथलेश मौर्या, श्रीकांत, अवधेश केशरी, दीपु, आदि लोग उपस्थित रहे।

## क्षेत्र के बीएलओ रहते हैं नदारत, मतदाता परेशान

**मांडा।** मतदाता सूची परिवर्धन व संशोधन के लिए जारी आदेश का मांडा के कुछ एलओ ने ही पालन किया। ज्यादातर बूथों पर सन्नाटा पसरा रहा। शनिवार व रविवार को मतदाता सूची परिवर्धन व संशोधन के लिए नियुक्त मांडा क्षेत्र के ज्यादातर बीएलओ घर बैठकर सूची तैयार किये। बूथों पर सन्नाटा पसरा रहा। इन बूथों की देखरेख के लिए भी ब्लॉक स्तरीय कोई टीम नहीं निकली। भरारी द्वितीय बूथ पर बीएलओ अशोक कुमार सहयोगी अध्यापिका नीलम के साथ मौजूद रहे, लेकिन प्रचार प्रसार के अभाव में इस बूथ पर भी सन्नाटा रहा। बीएलओ अशोक कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत की परिवर्धित व संशोधित सूची के बारे में घर घर जाकर वे सर्वे कर चुके हैं। कुछ नये विवाहिताओं नाम जोड़ा गया और कुछ मृतकों का नाम मतदाता सूची से काटा गया।

## बिना इंचार्ज के चल रही है पुलिस चौकी सहसों

**सहसों।** पुलिस चौकी सहसों लगभग डेढ़ महीने से चौकी इंचार्ज विहिन चल रही है। जिससे चौकी पर तैनात दीवान व सिपाही मनमाना ढंग से अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं। ऐसे में आम जनता हलाकान है सुरक्षा की दृष्टि से भी चौकी इंचार्ज विहीन पुलिस चौकी से लोगों में भय व्याप्त है। वैसे भी ठंड का मौसम आ जाने से चोरी-छिनैती व जुआं जैसे आदि घटना घटित होने की लोगों में आशंका व्याप्त है। इस संबंध में पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार एवं भूमि विकास बैंक फूलपुर अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने पुलिस विभाग के शीर्ष उच्च अधिकारियों से मिलकर जल्द से जल्द पुलिस चौकी सहसों में चौकी इंचार्ज नियुक्ति किए जाने की मांग की है।

## अपना दल एस युवा मंच के प्रदेश सचिव बने योमेन्द्र सिंह

**सहसों।** अपना दल एस के युवा मंच प्रदेश सचिव के पद पर गंगापार के योमेंद्र सिंह पटेल के मनोनयन से कार्यकताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व सांसद नागेन्द्र सिंह पटेल ने कहा गंगापार के युवा कर्मठ, ईमानदार, जुझारू कार्यकर्ता को जिम्मेदारी दिए जाने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। इस मौके पर खुशी व्यक्त करने वालों में जिलाध्यक्ष भानूसिंह, मनोज सिंह, अनीश पटेल, अनिल सिंह, भानु प्रताप पटेल, उमेश, रिंकू, आलोक, धीरज, संजय सहित आदि लोग रहे।

# बदहाली के दौर से गुजर रहे कुम्हारी कला के बेहतरीन कारीगर

## प्रकाश पर्व दीपावली पर भी भरपूर आय की उम्मीद नहीं, प्लास्टिक निर्मित वस्तुओं के प्रयोग से पर्यावरण को खतरा

डा.शमीम

**पसना।** आधुनिकता की चकाचौंध में मिट्टी के कलात्मक बर्तन व मूर्तियां बनाकर जीवन यापन करने वाले कुम्हार बिरादरी के बेहतरीन कारीगर बदहाली के दौर से गुजर रहे हैं,यदि सरकार इनकी कला की ओर थोड़ा ध्यान दे दे तो इनका बीता हुआ कल पुनः वापस आ सकता है।दीपावली के आगमन पर चाक पर मिट्टी का कार्य करने वाले कारीगरों को पहले अच्छी खासी आमदनी हो जाती थी।मिट्टी के दिये गुल्लक, खिलौने व लक्ष्मी गणेश एवं अन्य देवी देवताओं की मूर्तियों को बनाकर बेचने पर इन्हें नकदी के साथ-साथ गांवों मेंअनाज भी मिल जाता था जिस पर साल भर के लिए घर के सारे खर्चों का दारोमदार निर्भर करता था।

वक्त के साथ लोगों का आकर्षण मिट्टी के दीयों की बजाय विद्युतचलित कृत्रिम चाइनीज झालरों की ओर बढा, बाजार में उपलब्ध विभिन्न रंग बिरंगी झालरों से लोगों ने घरों को सजना शुरू कर दिया वहीं मिट्टी के कुल्हड़ व बर्तनों के स्थान पर प्लास्टिक निर्मित गिलासों व प्लेटों का प्रयोग करना शुरू किया जिसका आलम यह हुआ की इनके मिट्टी में नष्ट न होने के चलते धीरे-धीरे मिट्टी की उर्वरा शक्ति क्षीण होने लगी वही जलाने पर वायु प्रदूषण भी फैलने लगा। वैसे तो कोरांव तहसील के कई गांव में कुम्हार बिरादरी के लोग निवास करते हैं जिसमें से ज्यादातर अब चाक पर बर्तन बनाने के बजाय जीविकोपार्जन के अन्य कामों में लग गए हैं। इस बिरादरी के ज्यादातर युवा महानगरों में जाकर प्राइवेट नौकरियां कर रहे हैं। पूर्व में पूर्व कोराव तहसील के पसना गांव में कारीगरों द्वारा बनाए गए मिट्टी के बर्तनों की मांग पूरे तहसील क्षेत्र में बहुत अधिक थी,लेकिन वक्त के साथ-साथ अब गिने चुने कारीगर ही इस कला को जिंदा रखे हुए हैं। यहां के कारीगरों द्वारा निर्मित घड़ों की खासियत है कि पानी फ्रिज की तरह ठंडा रहता है। पसना निवासी कारीगर हरिचरण प्रजापति ने बताया कि त्योहारों के अलावा अब गिने चुने अवसरों पर ही थोड़ा बहुत मांग होती है बाजार की दुकानों पर चाय भी कुल्हड़ के बजाय प्लास्टिक गिलासों में दी जाने लगी है। बुजुर्ग कारीगर बासदेव प्रजापति ने बताया कि बर्तन बनाने के लिए मिट्टी 25 किलोमीटर दूर सिरसा इलाके से लानी पड़ती है जिससे ट्रैक्टर भाड़ा बढ़ने से अधिक लागत के कारण बर्तनों को महंगा बेचना पड़ता है जिससे धंधे पर असर पड़ता है।

वैसे तो पुराने चाको की जगह अब इलेक्ट्रिक चाक ने ले ली है मगर विद्युत बिल महंगा होने के और बिक्री खपत कम होने के कारण यह मुनाफे का सौदा नहीं लगता। इसी गांव के कमल नारायण प्रजापति ने बताया कि इस धंधे में पर्याप्त आमदनी ना होने के कारण मजबूरन चाय पान की दुकान खोलकर घर का खर्च चलाना पड़ रहा है,अब न तो जरूरत के हिसाब से मिट्टी मिल पाती है और न पकाने के लिए ईंधन ही उपलब्ध हो पाता है थोड़ा बहुत त्यौहार के लिहाज से मिट्टी का कार्य करना पड़ रहा है। यदि सरकार पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कुछ ध्यान हमारी दशा पर भी दे दे तो उम्मीद है कि हमारे दिन भी बहुर सकते हैं।



हस्तचालित चाक पर दीये बनाता कारीगर



इलेक्ट्रिक चाक पर बर्तन बनाता कारीगर

# भारतीय महिला हैंडबॉल टीम के प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त की गई नेहा

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी अंडर-19 ट्रॉफी इंटरनेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता हेतु कोच बनी प्रयागराज की नेहा दिनांक 6 नवंबर से 11 नवंबर तक ताशकंद उज्बेकिस्तान में आयोजित होने वाली अंदर-19 गर्ल्स हैंडबॉल इच ट्रॉफी प्रतियोगिता में भारतीय गर्ल्स टीम की कोच नेहा पांडे को नियुक्त किया गया है नेहा पांडे कई राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिबिंब प्रतिभा कर जिला प्रदेश का नाम रोशन की है नेहा पांडे उत्तर प्रदेश सरकार के महामहिम राज्यपाल द्वारा खेल प्रतिभा में पुरस्कार भी प्राप्त कर चुकी हैं मूल रूप से नैनी प्रयागराज की निवासी नेहा पांडे अपना खेल प्रतिभाओं का प्रारंभ कोच कौशल कुमार दीक्षित के नेतृत्व में किया तथा अपने मेहनत से कई उपलब्धियां हासिल करते हुए आज भारतीय महिला हैंडबॉल टीम के प्रशिक्षण के रूप में नियुक्त की गई उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के महासचिव आनंदेश्वर पांडे ने बताया कि नेहा पांडे दिनांक 5 नवंबर को दिल्ली से उज्बेकिस्तान के लिए टीम के साथ रवाना होगी नेहा पांडे को भारतीय टीम का प्रशिक्षक नियुक्त होने पर जिला हैंडबॉल संघ प्रयागराज के सचिव कौशल कुमार दीक्षित अध्यक्ष डीके मिश्रा बद्रीनाथ दीक्षित शेखर सिंह परिहार सचिन रावत राम बहादुर सिंह सोनम सिंह सृष्टि अगरवाल तेजस्विनी सिंह अनुपम सिंह क चौबे केपी सिंह आदि आदि पदाधिकारी तथा खेल प्रेमियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं व्यक्त किया।



# पुलिस ने दबिश डालकर दो स्थानों से भारी मात्रा में किया पटाखा बरामद

## मऊआइमा के ग्राम सुल्तानपुर खास में हो रहा था बारूद का भंडारण

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा पुलिस ने थाने से मात्र चंद कदम दूर फोरलेन के निकट दो घरों में दबिश डाल कर भारी मात्रा में पटाखों को बरामद कर चारों आरोपियों को गिरफतार कर जेल भेज दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर खास निवासी आशीष कुमार केसरवानी पुत्र भोलानाथ केसरवानी, प्रदीप कुमार पुत्र महारानीदी तथा मोहम्मद सुहैल पुत्र अंसार अहमद, दिनेश कुमार पुत्र शंकर लाल केसरवानी के घरों के कमरों में पटाखों के भंडारण पर दबिश डालकर दोनों स्थानों से तेरह बोरी अवैध पटाखा बरामद कर के चारों आरोपियों को गिरफतार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर मऊआइमा ने बताया कि उक्त कार्यवाही मुखबिर की सूचना पर हुई। बताया गया है कि उक्त एकत्रित किए गए भारी मात्रा में पटाखों के भंडारण की बिक्री दीपावली पर्व पर अधिक मूल्य ग्राहकों से वसूली करके किए जाने का इरादा था। गिरफ्तार कर भेजे गए जेल आशीष, प्रदीप, सुहैल, दिनेश यह सब माल कहां से मंगवाते थे इसकी जांच खुफिया ढंग पुलिस कर रही है।बताया गया है कि जल्द निमार्ता भी धरे जाएंगें।




### 6 दिसंबर को श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर में दीपदान के लिए अयोध्या से भी आयेंगे कृष्ण भक्त

**नैनी।** श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष दिनेश शर्मा अपने पदाधिकारी सहित अयोध्या पहुंचे और उन्होंने अयोध्या में बड़े-बड़े संत महंतों से मुलाकात की , विश्व हिंदू परिषद के कार्यालय गए जहां उन्होंने चंपत राय जी से, भूपेंद्र जी ,सोलंकी जी, कृष्ण कुमार जी से मुलाकात की और सभी संत भगवान से आशीर्वाद लिया। हनुमानगढ़ी के पूज्य महंत राजू दास जी सहित सभी संतो ने मथुरा में 6 दिसंबर को श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर में दीपदान करने फैसला लिया। छोटी छावनी अखाड़ा के उत्तराधिकारी कमलनयन महाराज जी से भी मुलाकात की,महंत संजय दास जी और राघवाचार्य जी से भी मुलाकात की। महेंद्र राजू दास जी ने कहा कि अयोध्या मथुरा और काशी में मुगल शासको द्वारा अवैध आक्रमण किया गया था अयोध्या का मंदिर बहुत शीघ्र ही बन रहा है और काशी में बनने वाला है ,अब मथुरा की बारी है यह अवैध अतिक्रमण हम सहन नहीं करेंगे, उन्होंने कहा कि यह तो शुरूआत है दीपदान करने का अधिकार प्रत्येक कृष्ण भक्तों को है इसमें किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए, महंत कमल नयन दास महाराज जी ने कहा कि औरंगजेब ने 1670 में मथुरा में श्री कृष्ण जन्म भूमि मंदिर को तोड़कर के अवैध आक्रमण किया था और यह अवैध आक्रमण हटाना चाहिए न्यायालय में केस चल रहा है हम सभी कृष्ण भक्तों से अपील करते हैं कि जो प्राचीन साक्ष्य हैं,उसमें जो भी पक्षकार हैं प्राचीन साक्ष्यों को न्यायालय में जमा करें और न्यायालय जल्दी ही फैसला सुना सकता है, संगठन महामंत्री अश्वनी कुमार शर्मा ने कहा कि हम मथुरा में 6 दिसंबर को दीपदान के लिए यहां पर समर्थन मांगने आए हैं और सभी संतो ने आशीर्वाद दिया है।

# ढाई साल ही चल पाई रजनी कुशवाहा की टीकर ग्राम पंचायत सरकार

## हाई कोर्ट के आदेश पर पुनर्मतगणना में पराजित हो गईं प्रधान रजनी कुशवाहा,जीत गईं श्रीमती गायत्री यादव, एसडीएम कोरांव कोर्ट में मतगणना के बाद आया रिजल्ट

अखंड भारत संदेश

**कोराव।** जनपद प्रयागराज के ग्राम पंचायत टीकर ब्लॉक कोराव में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में निर्वाचित हुई श्रीमती रजनी कुशवाहा की सरकार ढाई साल बीतने के पूर्व ही लुढ़क गई। बतादें कि ग्राम पंचायत टीकर में 2021माह जून में श्रीमती कुशवाहा ग्राम प्रधान निर्वाचित हुई थी। और श्रीमती गायत्री यादव पत्नी केपी यादव 9 वोट से पराजित हो गईं थी। उन्होंने तत्काल निर्वाचन अधिकारी को गणना के ही समय आपत्ति जताई थी और पड़े मतों से अधिक मतों के विरुद्ध उंगली उठाई थी। किंतु दुबारा मतगणना न होने पर विहित अधिकारी उप जिलाधिकारी कोरांव की अदालत में दुबारा मतगणना हेतु याचिका दाखिल की थी। जिसकी मतगड़ना तहसील कोराव में 31अक्तूबर को 2023 को एसडीएम अदालत में सभी पक्षों उम्मीदवारों की मौजूदगी में बीडीओ कैमरे की निगरानी में हुई। जिसमे गायत्री यादव को प्रथम स्थान पर कुल बारह वोट से विजई हुई और निवर्तमान प्रधान रजनी कुशवाहा को हार का सामना करना पड़ा। कुल प्रत्याशी 11थे,जिसमे श्रीमती गायत्री देवी पत्नी केपी यादव को कुल 290 वोट मिले और निवर्तमान प्रधान रजनी कुशवाहा को कुल 278 वोट और उषा सिंह को भी 278 वोट मिले। और प्रेमलता को तीसरा स्थान मिला।कुल मिला कर निवर्तमान प्रधान रजनी की कुर्सी जाते देख गांव में हड़कंप मच गया। वहीं दूसरी ओर रजनी कुशवाहा पति सुनील कुमार कुशवाहा के खेमें में मायुंशी देखी गई। और विजय हुई गायत्री देवी यादव के समर्थक प्रसन्न दिखे। हालांकि रजनी उक्त परिणाम से असंतुष्ट दिखीं। जीती ग्राम प्रधान पद की गायत्री देवी पत्नी केपी यादव पूर्व कनिष्ठ उप ब्लॉक प्रमुख कोरांव ने और उनके समर्थकों ने न्यायालय के फैसले पर विश्वास जताया है।



विजयी हुईं श्रीमती गायत्री देवी यादव

# रंजिशन लगाई गई आग से घर सहित उसमें रखा सामान जला

### पीड़ित दुर्गा प्रसाद ने मेजा थाने में दिया नामजद तहरीर पुलिस जांच में जुटी

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** बीती रात कथित एक व्यक्त द्वारा रंजिशन एक गरीब के कच्चे घर में आग लगा दिए जाने से घर सहित उसमें रखा खाने पीने सामान जलकर राख हो जाने का मामला प्रकाश में आया है।भुक्तभोगी दुर्गा प्रसाद ने मेजा थाने में नामजद तहरीर देकर एफ आई आर दर्ज किए जाने की गुहार लगाई है। प्रकरण मेजा थाना क्षेत्र के ममोली गांव का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के उक्त गांव निवासी दुर्गा प्रसाद पुत्र स्व पारस नाथ ने रविवार को मेजा थाने में दी गई नामजद तहरीर में गांव के ही एक व्यक्ति को आरोपित करते हुए लिखा है कि बीती रात वह तथा उसके परिजन खा पीकर अपने कच्चे घर में सो रहे थे देर रात आरोपी उसके घर में आग लगा दिया जिससे उसका घर सहित उसमें रखा चार बोरी गेहूं तीन बोरी चावल पांच किलो दाल आंटा कपड़े किताबे दो पंखा तथा अन्य कई सामान जलकर खाक हो गया। प्रकरण के बावत दुर्गा प्रसाद की बातों को सच माना जाय तो उसके मुताबिक जिस घर में आग लगाई गई थी उसी घर में उसकी मां एवं उसके बच्चे सोए हुए थे जिन्हें ग्रामीणों की मदद से बचा लिया गया है। पीड़ित दुर्गा प्रसाद ने बताया की आगजनी की घटना की सूचना उसने 112 नंबर पर तथा फायर ब्रिगेड को रात में ही दे दिया था 112 नंबर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचकर आग बुझाई थी। फिलहाल इस संबंध में पीड़ित ने मेजा थाने में नामजद तहरीर दिया है लेकिन अभी मेजा पुलिस केस दर्ज नहीं किया है जांच पड़ताल जारी है।

# गर्भवती महिला ने फांसी लगाकर दी जान

## मई में हुई थी शादी, दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता है पति



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज के मेजा थाना क्षेत्र के छठवा गांव में बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इससे परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया है। मामले की जांच जा रही है।मेजा थाना क्षेत्र के छठवा गांव निवासिनी काजल निषाद (24) पत्नी जितेंद्र निषाद ने बीती रात बन्द कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो कोहराम मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर सिरसा चौकी प्रभारी जगदीश सिंह मौके पर पहुंचे। मृतका की बीते मई में शादी हुई थी। वह गर्भवती थी। मृतका के पति दिल्ली स्थित प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। उन्हें भी परिजनों ने सूचना दी है। उधर रोते बिलखते मृतका के मायके वाले भी मौके पर पहुंचे। घटना को लेकर ससुराल सहित मायके पक्ष के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है।मामले में सिरसा चौकी प्रभारी जगदीश सिंह ने बताया कि मौत का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजनों सहित मायके पक्ष से पूछताछ की जा रही है। इसके बाद मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत - जांच में जुटी पुलिस

**करछना।** थाना क्षेत्र के भडेव्रा गांव में शनिवार शाम को एक विवाहित महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके वालों की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । पोस्टमार्टम से रविवार शाम शव घर पहुंचा । शव पहुंचते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा । करछना थाना क्षेत्र के भडेव्रा गांव निवासी दीपक कोटार्य की पत्नी अनीता देवी 28 वर्ष शनिवार शाम को घर में उसकी अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई । मजदूर दूधनाथ कोटार्य के दीपक व रोहित दो पुत्रों में बड़ा दीपक की शादी 10 वर्ष पूर्व कोरांव थाना क्षेत्र के घोघारामपुर निवासी नारायण दास कोटार्य की पुत्री अनीता देवी के साथ हुई थी। शनिवार शाम को दो पुत्रों में समर 9 वर्ष व अमर 3 वर्ष सहित मां अनीता देवी घर में अकेली थी। वहीं दीपक के पिता दूधनाथ कोटार्य पत्नी सहित करछना के बगरहा गांव में रिश्तेदारी में निमंत्रण में गए थे । और दीपक मुंबई में रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। मायके वालों की ओर से इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । और बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का खुलासा होगा।

## चोरी के मामले में फरार तीन युवक गिरफ्तार

**झूंसी।** थाना क्षेत्र में चोरी के मामले पांच साल से फरार युवक को रविवार को झूंसी पुलिस ने पिपरी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वही दो और वांछितों को गिरफ्तार कर पुलिस नगदी भी बरामद की है। थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पिपरी मकनपुर निवासी राजा भारतीया पांच सालों से चोरी के मामले में फरार चल रहा था। झूंसी में राजा भारतीया के खिलाफ तीन मुकदमे दर्ज है। रविवार को सर्विलांस सेल की मदद से एसएसआई बैकुंठ नाथ पांडेय ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वही चमनगंज चौकी इंचार्ज योगेंद्र सिंह ने चोरी के मामले में दो वांछितों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए युवको के पास से चोरी के रुपये भी बरामद हुए है।

## छेड़खानी करने वाले मनचलों के विरुद्ध युवती ने थाने में दिया तहरीर

**मेजा।** क्षेत्र के रामनगर में युवती से छेड़खानी, अश्लील हरकत व मारपीट का मामला सामने आया है। युवती ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि मेजा थाना क्षेत्र के घूघा बारी अमिलिया कला निवासी युवती ने मेजा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह 21 अक्टूबर को अपनी बहन के घर रामनगर गई थी। युवती का आरोप है कि वहीं पर रामनगर निवासी एक युवक अपने दो-तीन साथियों के साथ उसके साथ अश्लील हरकत व छेड़खानी करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके कपड़े फाड़ दिए। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# 2 टीवी पत्रकारों पर एफआईआर, दुकान कब्जा करवाने और 20 लाख की रंगदारी मांगने का आरोप

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में दो नेशनल टीवी चैनल के पत्रकारों सहित कुल 5 लोगों के खिलाफ 20 लाख रुपए की रंगदारी मांगने के मामले में एफआईआर दर्ज हुई है। म्योर रोड की रहने वाली मंजू चंद्रा ने की शिकायत पर ये एफआईआर दर्ज करवाई गई है। आरोप है कि पहले आदित्य कमार तिवारी नाम के सख्श को चाय की दुकान खोलने के नाम पर प्लॉट मांगा फिर अवैध कब्जा कर लिया। पीडीए ने जब शिकायत पर जब कब्जा तोड़ दिया तो प्लॉट छोड़ने के नाम पर 20 लाख रुपए की रंगदारी मांगने लगे। न देने पर जान से मारने की धमकी और गाली-गलौच कर रहे हैं।

**चाय की दुकान चलाने को मांगा था खाली प्लॉट :**

कैंट थाने में दी गई तहरीर में मंजू चंद्रा ने कहा है कि प्रार्थिनी का एक प्लाट 80अ/क्ळ अशोक नगर थाना कैन्ट प्रयागराज में स्थित है। आदित्य तिवारी पुत्र चिन्तामणि तिवारी निवासी शान्तिपुरम थाना फाफामऊ अप्रैल 2023 में प्रार्थिनी के पास आए और खाली प्लाट में चाय की दुकान खोलने की अनुमति मांगी। प्रार्थिनी ने उसे इस शर्त के साथ चाय की दुकान खोलने की अनुमति दे दी कि कोई अतिक्रमण नहीं करेगा। हालांकि बाद में आदित्य ने प्लाट पर बिना मेरी अनुमति के अवैध रूप से भूतल पर लगभग 30-60 भूखण्ड पर बाँस की पट्टी से रेस्टोरेन्ट का निर्माण कर लिया। फ्रन्ट व बैक से लगभग 8 गुणे 5 फीट लंबे कमरे का निर्माण किया। जब प्रार्थिनी ने इसका विरोध किया तो आदित्य तिवारी व उसके दो साथी पत्रकार साथी विनय व एक अज्ञात मेरे घर पर घुसकर आये। दोनों गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

**पीडीए ने 3 नवंबर को ध्वस्त किया है अवैध निर्माण :**

इसकी शिकायत जब मैंने पीडीए से की तो मौका मुआयना हुआ। पीडीए ने बाद में मेरे प्लाट पर अवैध निर्माण जो हुआ था उसकी नाप तौल की तथा गलत पाये जाने पर अवैध निर्माण 19 जुलाई को ध्वस्त करने का आदेश दिया। इस आदेश के क्रम में 3 जुलाई 2023 को प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माण का ध्वस्तीकरण किया गया ।

**घर आकर दी धमकी-20 लाख रुपए दो नहीं तो अंजाम भुगतना पड़ेगा :**

निर्माण ध्वस्त होने के बाद विनम व एक का नाम मैं नही जानती तथा इसके दो अन्य पार्टनर सन्दीप यादव व रंजीत यादव पुत्रगण सुलाकी निवासी अशोकनगर जो समाजवादी पार्टी के नेता है मेरे घर पर आये और कहा कि आपने निर्माण को ध्वस्त कराया है। इसके बदले में रंगदारी मेरे से 20 लाख रुपए की डिमांड किए। रुपए न देने पर मेरे साथ भद्दी-भद्दी गालियां दीं व जान से मारने की धमकी दी है ।प्रार्थिनी को कुछ दिन पूर्व यह भी जानकारी मिली कि मेरे कनेक्शन न0 अ.उ 5572331406 (2 केवीए पता 80अ/क्ळ अशोक नगर प्रयागराज के 5 के वी० ए कमर्शियल कराने के लिए आदित्य तिवारी व सन्दीप यादव व रंजीत यादव व इनके साथी पत्रकार विनय व एक का नाम मैं नही जानती प्रार्थिनी के नाम से फर्जी नोटरी शपथ पत्र तैयार कर अधिशासी अभियन्ता म्योहाल के कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है जो पूर्ण रूपेण फर्जी दस्तावेज है। यह जानकारी मुझे राजस्व विभाग के 30 सितंबर 23 को प्राप्त हुआ।

**टीवी पर दुष्प्रचार करने की भी दी धमकी :**

मंजू चंद्रा ने बताया कि सभी लोग अब गाली-गलौज कर रहे हैं व जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पत्रकार विनय व एक अन्य अज्ञात पत्रकार जिसका नाम नहीं जानती ने धमकाकर कहा गया है कि हम बड़े बड़े चैनलों के पत्रकार हैं। आपके खिलाफ झूठा प्रचार एवं प्रसार इस तरह से करेंगे कि आपकी छवि खराब हो जाएगी। आपको मजबूरी में यह प्लाट हम लोगों के लिए छोड़ना पड़ेगा या तो आप प्लाट छोड़ दें या 20 लाख रूपया दें। वरना आपके विरुद्ध सभी टीवी चैनलों पर प्रचार प्रसारण करायेंगे। प्रार्थिनी की रिपोर्ट लिखकर कानूनी कार्रवाई करने की प्रक्रिया करें ।कैंट इंस्पेक्टर आरपी सिंह ने बताया कि मंजू चंद्रा की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच चल रही है। जो भी लोग इसमें शामिल रहे हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।



# सरगम के दशहरा मेले में पुलिस प्रशासन के साथ एसपीओ टीम सुरक्षा व्यवस्था रही मुस्तैद

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के अंतर्गत सरगम पर दशहरा मेला में पुलिस उपायुक्त यमुनानगर उपजिलाधिकारी करछना एसीपी करछना एवं नैनी थाना प्रभारी के आदेशानुसार विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम प्रभारी अभयराज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद के दिशा निर्देश पर एसपीओ टीम के जवान मेला क्षेत्र में जगह-जगह तैनात होकर शान्ति सुरक्षा व्यवस्था एवं ट्रैफिक नियम का पालन कराने में मुख्य भूमिका निभाई। मेला मिजार्पुर-प्रयागराज मुख्य मार्ग पर लगने के कारण जाम से निजात दिलवाना बड़ा चुनौतीपूर्ण रहा हालांकि नैनी कोतवाली पुलिस व एसपीओ टीम ने मिलकर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से निरंतर बनाए रखा। मेला में छेड़छाड़ करने वाले लोग व अराजक तत्वों से सावधान करते रहे एसपीओ के जवान।इस दौरान एसपीओ प्रभारी अभयराज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली संगठन सचिव रविंद्र सिंह थाना थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल राम जी जायसवाल राम जी शुभम प्रजापति रमाशंकर चौरसिया संजीव वर्मा शुभम पाल मनीष रावत मयंक सुरेंद्र गुप्ता सहयोग किया।

# प्रतापगढ़ संदेश

## राष्ट्रीय आय एवं योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा में 1788 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

### चार परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित हुई परीक्षा, डीआईओएस ने किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा शहर के चार परीक्षा केन्द्रों राजकीय इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, केपी हिन्दू इंटर कालेज व लोकमान्य तिलक इंटर कालेज में सकुशल सम्पन्न हुई। चारों परीक्षा केन्द्रों पर 1788 परीक्षार्थी उपस्थित हुए और 135 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

राजकीय इंटर कालेज में 500 पंजीकृत परीक्षार्थियों में 31 परीक्षार्थी अनुपस्थित, राजकीय बालिका इंटर कालेज में 500 में से 34 अनुपस्थित, केपी हिन्दू इंटर कालेज में 500 में से 34 अनुपस्थित तथा लोकमान्य तिलक इंटर कालेज में 423 पंजीकृत परीक्षार्थियों में 36 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। चारों परीक्षा केन्द्रों पर प्रधानाचार्यों के निर्देशन में शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न हुई। जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह ने चारों परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया और परीक्षा व्यवस्था पर संतोष जताया। बता दें कि चारों परीक्षा केन्द्रों पर 1923 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 1788 परीक्षार्थी उपस्थित व 135 अनुपस्थित रहे।



तिलक इंटर कालेज में परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते डीआईओएस सरदार सिंह

## छापेमारी कर आबकारी टीम ने नष्ट कराई चालीस लीटर शराब, दो गिरफ्तार

**लालगंज प्रतापगढ़।** आबकारी टीम द्वारा छापेमारी करके चालीस लीटर अवैध देशी शराब व तीन सौ पचास किलोग्राम लहन नष्ट कराया गया। लालगंज आबकारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने आबकारी निरीक्षक पट्टी आनन्द कुमार शुक्ल व पुलिस बल के साथ रविवार सुबह लालगंज कोतवाली के जेंवई व लीलापुर थाना के हण्डौर बलदियान में छापेमारी किया। दोनो जगहों पर आबकारी टीम ने कुल बरामद चालीस लीटर देशी शराब व तीन सौ पचास ग्राम लहन को नष्ट कराया। आबकारी निरीक्षक प्रवीण यादव ने बताया कि मामले में जेंवई गांव के गुड्डी देवी पत्नी रामनरेश व फोटो दवी पत्नी धीरेन्द्र सरोज की गिरफ्तारी की गयी है। मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## नगर में फॉगिंग न होने से बढ़ा मच्छरों का प्रकोप

### डेंगू और मलेरिया फैलने का बढ़ा खतरा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर में भले ही स्वच्छता के लिए बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं लेकिन स्वच्छता के मामले में जहां अभी भी यह काफी पीछे है, जिसके कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है तो वही डेंगू और मलेरिया के बढ़ने का प्रकोप भी बढ़ रहा है। बजबजाती हुई नालियां लोगों के लिए खतरे का कारण बनी हुई है।

पट्टी नगर में नाली की सफाई ठीक ढंग से नहीं हो सकी है। लोगों का कहना है कि नालियों की कई दिनों से साफ सफाई नहीं हुई है जिससे गंदा पानी पनप रहा है वही मच्छर के बढ़ने से लोग परेशान नजर आ रहे हैं कई जगह तो पानी भरा होने के कारण डेंगू और मलेरिया बीमारी के मरीजों की संख्या भी बढ़ सकती है। प्रतापगढ़ जनपद में पिछले हफ्ते कल 35 लोग डेंगू पॉजीटिव पाए गए थे वही पट्टी प्रशासन इस बात से बेखबर नजर आ रहा है, ना तो नालियों की सफाई हो रही है ना तो मच्छरों से बचने के लिए फॉगिंग कराई जा रही है जिससे डेंगू, मलेरिया तथा अन्य मच्छर जनित बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ रहा है।



नगर में बजबजाती नालियां

## रंजिश में दो पक्षों में हुई मारपीट पर पन्द्रह के खिलाफ केस दर्ज

**लालगंज प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना अन्तर्गत कोइलासा मंगापुर गांव में हुई मारपीट की घटना को लेकर शनिवार को दोनों पक्ष ने पुलिस को तहरीर दी। गांव की रजवंता देवी पत्नी स्व. राजेन्द्र सरोज का आरोप है कि वह गांव में विद्युत पोल से केबल अपने घर के लिए खींच रही थी। इसी बीच गांव के सुरेश, सुरेन्द्र, शीला पत्नी सुरेन्द्र, रामावती पत्नी वीरेन्द्र, अर्चना पुत्री सुरेश, संतोष, सियादुलारी पत्नी शनि तथा रामजी पुत्र रामप्यारी वहां पहुंचे और गाली देते हुए उसे व उसके ससुर को मारापीटा व धमकी दी। वहीं दूसरे पक्ष की सियादुलारी का आरोप है कि गांव के धीरज, गुलशन व उनकी मां रजवंता, बहन अंतिमा, कोमल जबरन केबल ले जाने को लेकर हुए विवाद में उसे मारापीटा व धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने दोनों पक्ष के कुल पन्द्रह लोगों के खिलाफ मारपीट एवं धमकी का मुकदमा दर्ज कर लिया।

## तलवारबाजी प्रतियोगिता में शिव कुमार प्रथम व आराधना रहीं द्वितीय

### साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में हुई अन्तर्महाविद्यालयीय तलवारबाजी प्रतियोगिता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** साकेत गर्ल्स पीजी कॉलेज दहिलामऊ में अन्तर्महाविद्यालीय तलवारबाजी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज के अन्तर्गत आने वाले जिले प्रतापगढ़, प्रयागराज, फतेहपुर, कौशाम्बी की तलवार बाजी टीमों को विश्वविद्यालय द्वारा आमंत्रित किया गया था, जिसमें तलवार बाजी की इपी प्रविधि के अन्तर्गत कीर्ति गुप्ता बद्रीनारायण पी.जी. कॉलेज प्रतापगढ़ से प्रथम शिवकुमार सरोज, पी.बी.पी.जी. कॉलेज से द्वितीय आराधना शर्मा, पी.बी.पी.जी. कॉलेज प्रतापगढ़ से तृतीय एवं दीपिका वर्मा बद्रीनारायण पी.जी. कॉलेज प्रतापगढ़ को चतुर्थ स्थान मिला।

फॉयल प्रविधि के अन्तर्गत प्रतिमा विश्वकर्मा पी.बी.पी.जी. कॉलेज, प्रतापगढ़ को प्रथम, खुशबू यादव साकेत गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, प्रतापगढ़ को द्वितीय, गुनगुन तिवारी, पी.बी.पी.जी. कॉलेज, प्रतापगढ़ तृतीय एवं दीपमाला शुक्ला साकेत गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, प्रतापगढ़ को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ। सेबर प्रविधि में शहरीन बानों साकेत गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, प्रतापगढ़ को प्रथम स्थान, बबिता पटेल पी.बी.पी.जी. कॉलेज, प्रतापगढ़ को द्वितीय स्थान, प्राची मिश्रा एस.बी.एम. कॉलेज लालगंज, प्रतापगढ़ को तृतीय स्थान, अन्तिमा यादव साकेत गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, प्रतापगढ़ को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ। इसके अलावा नेहा पाण्डेय साकेत गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, प्रतापगढ़ को ईपी, गुड़िया सिंह साकेत गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, प्रतापगढ़ को फॉयल एवं कविता सरोज पी.बी.पी.जी. कॉलेज, प्रतापगढ़ को सेबर के अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में चयन किया गया। कार्यक्रम में सीमा देवी, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सांगीपुर पर्यवेक्षक एवं सुमन्त यादव, अनिल कुमार यादव एवं मोहम्मद कलीम निर्णायक मण्डल के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ अपना दल एस के प्रदेश सचिव (बौद्धिक मंच) कुशाग्र श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रो0 उपेन्द्र सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। चयनित सभी छात्र-छात्राओं एवं निर्णायक मण्डल को महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 नीलिमा श्रीवास्तव ने उपहार देकर सम्मानित किया। विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों से आये हुए शिक्षक/शिक्षिकाओं और छात्रों का आभार महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक आचार्य संजय पाण्डेय ने किया।



अन्तर्महाविद्यालयीय तलवारबाजी प्रतियोगिता के विजयी खिलाड़ीगण

## बेचीं गयी जमीन की रकम विचौलिए से वापस पाने के लिए काट रहा थाने का चक्कर

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपद के नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावां निवासी नियामत उल्ला ने अपनी जमीन मुरस्सापुर निवासी एक युवक के हाथ विचैलिए बाजिदपुर नवाबगंज के माध्यम से बेचा था जिसको युवक ने लगभग साढ़े चैदह लाख रुपये विचैलिए को दिया था जिसमे आरोपित युवक ने नियामत उल्ला को केवल आठ लाख छब्बीस हजार रुपया दिया बाकी रुपया दो लाख चैहत्तर हजार व बीस हजार रुपया नगदी नियामत उल्ला को आज दिन तक वापस नहीं किया। मांगने पर हीला हवाली कर रहे है। जब कि विचैलिए बनकर उक्त जमीन की रकम छह लाख चैतीस हजार रुपया का मामला प्रकाश मे आया। पीड़ित नियामत उल्ला की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय चल रही है। ठीक से पैदल चल फिर भी नही पा रहा है। केवल एक आस लगाकर वापस पैसा पाने के लिए दौड़ भाग कर रहा है। बता दें कि नवाबगंज थाने से लेकर राजा भैया व मुख्यमंत्री के पोर्टर तक शिकायत किया लेकिन आज तक कोई कारवाई नही हुई शनिवार को एक उम्मीद लेकर एस डी एम कुंडा से वकील के माध्यम से फिर शिकायत किया जिस पर बेबस लाचार नियामत उल्ला की आर्थिक स्थिति को देखते हुए एसडीएम ने आश्वासन दिया।

### प्रधानाध्यापक की मां के निधन पर साथियों ने जताया शोक

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लक्ष्मणपुर ब्लाक अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय पांखी के प्रधानाध्यापक सुरेश मिश्र की मां जगपत्ती देवी का शनिवार को इलाज के दौरान निधन हो गया। साथी शिक्षक की मां के निधन की जानकारी होने पर एआरपी संजीत कुमार शुक्ल, शिक्षक नेता महेश्वर शुक्ल, आलोक गुप्ता, उदय सिंह, आलोक सिंह, रवीन्द्र पांडेय, रमेश सिंह आदि ने गहरी संवेदना जताई है।

## भागवत कथा : ध्रुव प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रोता

### कथा श्रवण करने पहुंचे राज्यमंत्री

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अर्जुनपुर में आयोजित भागवत कथा के पांचवे दिन राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह की अध्यक्षता में कथा की। कथा प्रवक्ता कथा ब्यास शांतनु जी महराज ने ध्रुव चरित्र सृष्टि की रचना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, मनुष्य जीवन आदमी को बार-बार नहीं मिलता है इसलिए इस कलयुग में दया धर्म भगवान के स्मरण से ही सारी योनियों को पार करता है।

आचार्य शांतनु ने मनुष्य जीवन का महत्व समझाते हुए भगवान की भक्ति में अधिक से अधिक समय देना चाहिए। उन्होंने बताया कि, भगवान विष्णु ने पांचवा अवतार कपिल मुनि के रुप में लिया। उन्होंने बताया कि, जीवन को सफल बनाने के लिए कथा श्रवण करने से जन्मों का पाप कट जाता है। उन्होनें ध्रुव चरित्र की कथा के बारे में भक्तों को विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि भक्ति में दिखावा नहीं होना चाहिए। उन्होंने जड़ भरत का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि, जड़भरत का प्रकृत नाम भरत है, जो पूर्वजन्म में स्वायंभुव वंशी ऋषभदेव के पुत्र थे। मृग के छौने में तन्मय हो जाने के कारण इनका ज्ञान अवरुद्ध हो गया था जिससे ये जड़भरत कहलाए। आचार्य शांतनु ने कहा जड़भरत की कथा विष्णुपुराण के द्वितीय भाग में और भागवत पुराण के पंचम कांड में आती है। जब सती के विरह में भगवान शंकर की दशा दयनीय हो गई, सती ने भी संकल्प के अनुसार राजा हिमालय के घर पर्वतराज की पुत्री पार्वती के रूप में जन्म लिया। पार्वती जब बड़ी हुईं तो हिमालय को उनकी शादी की चिता सताने लगी। एक दिन देवर्षि नारद हिमालय के महल पहुंचे और पार्वती को देखकर उन्हें भगवान शिव के योग्य बताया। इसके बाद सारी प्रक्रिया शुरू तो हो गई, लेकिन शिव अब भी सती के विरह में ही रहे। ऐसे में शिव को पार्वती के प्रति अनुरक्त करने कामदेव को उनके पास भेजा गया, लेकिन वे भी शिव को विचलित नहीं कर सके और उनकी क्रोध की अग्नि में भस्म हो गए। तीन हजार सालों तक उन्होंने भगवान शिव को पाने के लिए तपस्या की। इसके बाद भगवान शिव का विवाह पार्वती के साथ हुआ। इस अवसर पर रमेश प्रताप सिंह पूर्व प्रमुख, नागेश प्रताप सिंह, दिनेश उमेश प्रमोद, महेंद्र प्रताप सिंह, विनोद कुमार सिंह, सुरेश सिंह, व स्थानीय रानीगंज पीएचसी स्टाफ मौजूद रहे।



भागवत कथा कहते आचार्य शांतनु महराज

### छठें दिन भागवत कथा में बताया गोवर्धन पूजा का महत्व

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर के रायपुर रोड पर राघव राम उमरवैश्य के निजी आवास पर छठवें दिन श्रीमद्भागवत कथा का संगीतमय वाचन किया जा रहा है। कथा के छठवें दिन कथा वाचक त्रिवेणी प्रसाद दुबे व्यास जी ने भगवान कृष्ण की वाल लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि एक बार श्रीकृष्ण ने यादवों से गोवर्धन की पूजा करने को कहा गया भगवान की बात मानकर सभी लोग गोवर्धन पूजा करने लगे। इस बात की जानकारी इंद्र को लगने पर उन्होंने अत्यधिक वर्षा करवानी शुरू कर दी। तब सारे यादव कृष्ण की शरण में आए जिनको बचाने के लिए भगवान ने गोवर्धन पर्वत को उठा कर सभी को सही सलामत रखा गया।

## न्यूज झरोखा

### धूमधाम से मनाई गई पूर्व विधायक की पुण्यतिथि

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शनिवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व रामपुर खास के पूर्व विधायक कुंवर तेजभान सिंह की पुण्यतिथि उनके पैतृक गांव अगई में धूम–धाम से मनाई गई। क्षेत्र के लोगों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। स्थानीय तहसील क्षेत्र के अगई गांव में 1907 में जन्मे कुंवर साहब अंतिम सांस तक देश की सेवा के साथ ही गरीबों की मदद करते रहे,और 1997 में अंतिम सांस ली। कुंवर साहब के चरित्र पर उपस्थित लोगो ने प्रकाश डाला,साथ ही कहा कि लोग उनके आदर्शो को अपनाएं। कार्यक्रम का संचालन योगेश सिंह ने किया। कार्यक्रम के आयोजक डॉव वीरेंद्र सिंह ने आए हुए सभी लोगो के प्रति आभार जताया। इस मौके पर महेंद्र सिंह, विनोद सिंह, संतोष सिंह, राय साहब सिंह, सुनील सिंह, गुरुवचन सिंह, ओम प्रकाश पाण्डेय समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। इससे पूर्व शुक्रवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर रामगुलाम सिंह की पुण्यतिथि क्षेत्र के लोगो ने उनके पैतृक निवास मेढवा में मनाया। इस दौरान उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।

### जनपद स्तर पर डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेन्टर स्थापित

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया कि कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जनपद प्रतापगढ़ में जनसामान्य/मतदाताओं की सुविधा के दृष्टिगत जनपद स्तर पर डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेन्टर (वोटर हेल्प लाइन सेन्टर पर स्थापित टोल फ्री वोटर हेल्पलाइन नम्बर 1950) जिला निर्वाचन कार्यालय प्रतापगढ़ में स्थापित किया गया है जो कि दिनांक 27 अक्टूबर से सक्रिय भूमिका में संचालित है। जनपद में स्थापित डिस्ट्रिक्ट कन्टेक्ट सेन्टर पर अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण–2024 कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्वाचक नामावली के नाम सम्मिलित कराने, नाम अपमार्जन कराने, किसी प्रकार की प्रविष्टि में संशोधन कराने के अतिरिक्त रंगीन मतदाता फोटो पहचान पत्र अथवा निर्वाचन से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### उद्योग व्यापार मण्डल ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**प्रतापगढ़।** उद्योग व्यापार मण्डल के जिला तथा नगर के पदाधिकारियों ने आज जीएसटी विभाग के उपायुक्त रामभवन से उनके कार्यालय पर भेंट किया तथा प्रदेश नेतृत्व द्वारा भेजा हुआ ज्ञापन प्रस्तुत किया। जिला वरिष्ठ महामंत्री ने यह ज्ञापन उपस्थित अधिकारियों तथा व्यापारियों को पढ़ कर सुनाया तथा संक्षिप्त चर्चा भी की। बता दें कि यह ज्ञापन वित्तीय वर्ष 2017–2018 तथा 2018–2019 की भरी पैमाने पर जारी नोटिसों तथा उसमें व्याप्त विभिन्न विसंगतियों को दूर करने के संदर्भ में उ. प्र. राज्य के समस्त जिलों में क्षेत्रीय जीएसटी कार्यालयों में दिया जा रहा है। यह जानकारी नगर अध्यक्ष अंकुर केसरवानी ने दी।

### रोजगार मेले का आयोजन नौ को

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ परिसर में 09 नवम्बर 2023 को पूर्वान्ह 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया गया है जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनियों क्रमशः बजाज कैपिटल इन्श्योरेन्स ब्रोकिंग लिमिटेड द्वारा सेल्स/क्लाइंट रिलेशनशिप आफीसर/सर्वे इन्टर्न के पद पर, गुडविल इण्डिया मैनेजमेन्ट ग्रुप ऑफ कम्पनी द्वारा स्टोरकीपर/सुपर वाइजर/एरिया मैनेजर/आफिस असिस्टेन्ट/आपरेटर के पद पर एवं एल0आई0सी0 ऑफ इण्डिया द्वारा इन्श्योरेन्स एडवाइजर के पद पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ पंजीयन आई0डी0 एवं पासवर्ड, मूल शैक्षिक अभिलेख एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते है।

### छात्रवृत्ति के लिये छात्र/छात्राएं 31 दिसम्बर तक करें ऑनलाइन आवेदन

**प्रतापगढ़।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया है कि पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत (कक्षा 9–10) की कक्षाओं के छात्र/छात्रायें छात्रवृत्ति हेतु 10 नवम्बर 2023 तक आनलाइन आवेदन कर सकते है एवं आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी समस्त वांछित संलग्नकों सहित विद्यालयों में 20 नवम्बर तक जमा कर सकते हैं। इसी प्रकार दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्कप्रतिपूर्ति योजना के अन्तर्गत छात्रवृत्ति हेतु कक्षा 11–12 व उच्च शिक्षा के छात्र/छात्रायें 31 दिसम्बर 2023 तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### पूर्व शिक्षक के निधन पर जताया गया दुःख

लालगंज, प्रतापगढ़। **रानीगंज कैथौला स्थित श्रीकृष्ण संस्कृत माध्यमिक विद्यालय** के पूर्व प्रवक्ता रविशंकर शुक्ल शास्त्री(72) का गम्भीर बीमारी के चलते शनिवार की रात आकस्मिक निधन हो गया। क्षेत्र के गयादीन का पुरवा निवासी रविशंकर शुक्ल अधिवक्ता आशुतोष शुक्ल के पिता भी थे। जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा सांसद प्रमोद तिवारी ने दुख जताते हुए शास्त्री के निधन को शैक्षिक जगत के लिए दुखदायी ठहराया। वहीं संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र, अधिवक्ता शैलेन्द्र मिश्र, महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल, उपाध्यक्ष लाल विनोद सिंह, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, प्रबंधक अजितानन्द पांडेय, शास्त्री सौरभ त्रिपाठी, मनोज तिवारी, पंकज मिश्रा, मोनू पांडेय आदि ने भी गहरी संवेदना प्रकट की है।

## कायस्थ महासम्मेलन में कायस्थों ने भरी हुंकार

### आशीष श्रीवास्तव का जिला अध्यक्ष भाजपा के रूप में अभिनंदन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारत ही नहीं वरन पूरे विश्व में कायस्थ समाज से जुड़े लोगों ने समाज की हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन उचित और उन्नत स्वरूप के साथ किया है. यह उद्गार डा. अरुण कुमार सक्सेना वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश शासन ने जनपद में कायस्थ महासभा एवं अभिनंदन समारोह के अवसर पर व्यक्त किया।

वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री ने आज कायस्थ समाज की समग्र सामाजिक भूमिका की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी उच्च शिक्षा के साथ कौशल विकास के क्षेत्र में भी हुनरमंद बनने की सलाह दी। सम्मेलन में नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, राज्य सूचना आयुक्त ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कायस्थ की हर क्षेत्र में भूमिका की सराहना करते हुए आज उन्हें व्यवसाय जगत से जोड़ने बढ़ावा देने का सलाह दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व न्यायाधीश ज्ञान चंद्र ने कहा कि हम कड़ी मेहनत, निष्ठा पूर्ण अध्ययन, को अगर अपने जीवन का लक्ष्य बनाएंगे तो आरक्षण जैसी किसी भी प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। सम्मेलन एवं अभिनंदन समारोह को वरिष्ठ अधिवक्ता, उच्च न्यायालय गिरीश चंद्र सिन्हा, पूर्व एमएलसी विंध्यवासिनी कुमार श्रीवास्तव, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हरीश श्रीवास्तव एवं जयति श्रीवास्तव उपाध्यक्ष निर्माण एवं श्रम सहकारी संघ लिमिटेड सहित नागेंद्र श्रीवास्तव, सदस्य, जिला पर्यावरण समिति रायबरेली ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मनीष खरे पुत्र संतोष खरे को सिविल सेवा परीक्षा तथा ऋतिक श्रीवास्तव पीसीएस जे 2022 में सिविल जज जूनियर डिवीजन के रूप में स्थापित मेधावी प्रतिभाशाली व्यक्तित्व के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के उपरांत, विदित राज की गणपति वंदना और रीता श्रीवास्तव, विशाखा श्रीवास्तव की चित्रगुप्त वंदना गायन के उपरांत किया गया। स्वागत गीत मीना, प्रीति, पूनम, निधि श्रीवास्तव, आदि द्वारा गाया गया। कार्यक्रम में कुंडा से संजय श्रीवास्तव, लालगंज से अजय श्रीवास्तव, रानीगंज से संजय श्रीवास्तव, पट्टी से राजेश्वरी खरे, श्रीमती पूनम श्रीवास्तव डॉ. अतुल श्रीवास्तव आदि ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कायस्थ की राजनीतिक और सामाजिक पृष्ठभूमि पर चर्चा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमितेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. क्षितिज श्रीवास्तव, विश्व दीपक, देश दीपक, गौरव, राजकुमार, आशीष, संतोष खरे, अनिल श्रीवास्तव आदि का विशेष सहयोग रहा। जनपद में काफी लंबे अंतराल के बाद आयोजित इस कार्यक्रम में सभी तहसीलों एवं जनपद के हर कोने से लोगों ने सहभाग किया और कायस्थों की एक जुटता तथा उनकी सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक दशा सुधारने के कारण पर विशेष बल दिया।



राज्य मंत्री डा0 अरुण कुमार का स्वागत करते आयोजकगण

# मण्डलायुक्त ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पन्त द्वारा रविवार को मॉ शीतला देवी अतिथि गृह, सयारा में विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में मण्डलायुक्त ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के सम्बन्ध में अब तक की गई कार्या की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि प्राप्त दावें/आपत्तियों का निस्तारण नियमानुसार सुनिश्चित किया जाय तथा निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान का व्यापक पचार-प्रसार कराया जाय। उन्होंने कहा कि जेण्डर रेशियों एवं ई0पी0 रेशियों पर विशेष ध्यान दिया जाय तथा यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई पात्र मतदाता छूटने न पायें। उन्होंने कहा कि डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेण्टर के टोल फ्री नम्बर-1950 एवं टेलीफोन नम्बर-05331-232796 का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाय। इसके साथ उन्होंने कहा कि इण्टर कालेज, डिग्री कालेज एवं नर्सिंग कालेज आदि पर विशेष अभियान चलाकर अर्ह नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराया जाय। बैठक में बताया गया कि अभी तक 02 राजनैतिक दलों के द्वारा ही बीएलए0की सूची उपलब्ध कराई गयी है,जिस पर मण्डलायुक्त न शेष राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि बीएलए की सूची शीघ्र उपलब्ध करा दिया जाय। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की समस्याओं/ सुझावां को प्राप्त करते हुए कहा कि सभी राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों को बीएलओ की सूची उपलब्ध करा दिया जाय। इस अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड सहित अन्य सम्बन्धित अधकारीगण तथा प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



## मण्डलायुक्त ने निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण की द्वितीय विशेष अभियान का लिया जायजा

**कौशाम्बी।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पन्त ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण की द्वितीय विशेष अभियान पर मतदान केन्द्र-उच्च प्राथमिक विद्यालय सयारा मीठेपुर तथा प्राथमिक विद्यालय-सौरई खुर्द, पल्हाना उपरहार एवं कसिया पूर्व का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मण्डलायुक्त ने निरीक्षण के दौरान बीएलओ से अब तक प्राप्त फार्म-6,7 एवं 8 की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि इस पर विशेष ध्यान दिया जाय कि कोई अर्ह मतदाता छूटने न पायें तथा ई0पी0 रेशियों एवं जेण्डर रेशियों पर भी विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने सभी बी0एल0ओ0 को घर-घर जाकर सर्वे कर नये मतदाता/छूटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची मे दर्ज कराने के निर्देश दिये निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।






## संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रजापति समाज के लोगों को संघर्ष करने की जरूरत : भूपेंद्र प्रजापति

**कौशांबी।** कुंभकार मानव कल्याण समिति युवा मंच के कार्यकताओं का रविवार को जिला कार्यालय पतेरिया बिसरा में आयोजन किया गया जिसमें युवा अध्यक्ष अंशु प्रजापति के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया संगठन के पदाधिकारी का स्वागत किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भूपेंद्र प्रजापति ने कहा कि युवा पीढ़ी शिक्षा की ओर बढ़ेगी तभी क्षेत्र में समाज का नाम होगा युवाओं को आगे ले जाने के लिए हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिया गया और समाज को संगठित होना बहुत जरूरी है तभी समाज का विकास हो पाएगा संचालन कर रहे हैं एडवोकेट रविकांत प्रजापति ने कहा कि समाज की युवाओं को संगठन से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना एवं उनका विकास करना प्रमुख उद्देश्य है इसी क्रम में अंशु प्रजापति ने कहा कि गांव गांव जाकर संगठन के नीतियों को बताना होगा कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भूपेंद्र प्रजापति, बुधराम प्रजापति ,सत्यम प्रजापति, भारत प्रजापति, लक्ष्मण प्रजापति राहुल प्रजापति ,रामप्रसाद प्रजापति, धर्मेंद्र प्रजापति, एडवोकेट राजेंद्र प्रजापति अजय प्रजापति,हरी लाल प्रजापति आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# विराट किसान मेला तिलहन रवि सेमिनार का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** विकासखंड मूरतगंज के नरवर पट्टी में रविवार को दो दिवसीय दिनांक 4 नवंबर से दिनांक 5 नवंबर तक आयोजित होने वाले विराट किसान मेला तिलहन रवि सेमिनार एवं कृषि सूचना तंत्र के शुद्धिकरण योजना अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम का रविवार को समापन किया गया। उक्त किसान मेले में अप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार तिवारी जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार गौतम जिला कृषि रक्षा अधिकारी इंद्रजीत यादव एवं उप संभागीय किस प्रकार अधिकारी मंझनपुर सुश्री सुरुचि विश्वकर्मा एवं कृषि विज्ञान केंद्र महागाव कौशांबी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं संयोजक अजय सिंह कार्यक्रम में मौजूद रहे इनकी अतिरिक्त कृषि विभाग के कार्यालय एवं क्षेत्रीय कर्मचारी उपस्थित रहे उपरोक्त कार्यक्रम में जनपद के महिला कृषकों कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया किसान मेले मे कृषकों को प्राकृतिक खेती जीरो बजट फार्मिंग परंपरागत कृषि विकास एवं सोलर पंप इरिगेशन प्रणाली खेत तालाब योजना एवं कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान किया गया कृषि विज्ञान केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक अजय सिंह द्वारा कृषकों को सिंचाई के तरीकों से अवगत कराया गया उन्होंने कहा कि यदि हम पानी की बचत करते हुए केवल पौधों तक ही उनकी जड़ों तक ही पानी की सिंचाई करते हैं तो हमारे पौधों और हमारे मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है इसकी अतिरिक्त अतिरिक्त जल का समुचित दोहन किया जा सकता है जल के दुरुपयोग को रोका जा सकता है अतः कृषकों को स्प्रिंकलर सेट के माध्यम से सिंचाई का लाभ उठाना चाहिए। अप कृषि निदेशक द्वारा कृषकों को खेतों में कृषि अवशेष या पराली जलाने की बनने वाली परंपरा को रोकने के लिए कृषकों से अनुरोध किया उनके द्वारा बताया गया कि पराली जलाने वालों पर शासन द्वारा जुमार्ने का प्रावधान किया गया है यदि कृषक 1 एकड़ से 2 एकड़ से कम क्षेत्रफल पर पराली या कृषि अवशेष जलाता है तो उन पर ढाई हजार रुपए का जुमार्ना और इससे अधिक 5 एकड़ तक भूमि तक पराली जलने वालों पर 5000 का जुमार्ना तथा 5 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल पर पराली जलाने वालों पर 15000 तक का जुमार्ना शासन द्वारा लगाए जाने की निर्देश दिए गए हैं मनोज कुमार गौतम जिला कृषि अधिकारी द्वारा कृषकों को अवगत कराया गया की जनपद के समस्त आठ विकास खंडों के बीच गोदाम भंडारों पर खेतों में पड़े पराली को नष्ट करने के लिए वेस्ट डीकंपोजर की आपूर्ति की जा चुकी है कृषक इसे निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।



# ओपन जिला शतरंज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिला शतरंज खेल संघ कौशांबी के तत्वावधान में आर एम गर्ग ओपन जिला शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 05 नवम्बर को राम जी होटल कोखराज कौशांबी में आयोजित हुआ प्रतियोगिता छः चरणों में आयोजित की गई जिसके परिणाम में पहले स्थान पर सेन्ट फ्रांसिस स्कूल के प्रणव शुक्ल दूसरे स्थान पर इन्द्र श्याम सिंह तीसरे स्थान पर वंश पाण्डेय चौथा स्थान पर दया शंकर पांचवें स्थान पर आशुतोष सेन छठे स्थान पर यथार्थ सातवे स्थान पर दुर्गेश कुमार निगम आठवें स्थान पर एस ए वी के रिशभ दीक्षित नौवें स्थान पर ईशान सिंह दशवे स्थान पर प्रनिका अग्रवाल ग्यारहवें स्थान पर उत्कृष सिंह बारहवें स्थान पर मो मिराज रहे आयु वर्ग 7 में पहले स्थान पर एम वी कान्वेंट के श्री हरि दूसरे स्थान पर माधवी अग्रवाल तीसरे स्थान पर विष्णु भगवान की आरू पाण्डेय रही आयु वर्ग 9 में पहले स्थान पर अर्नव सिंह दूसरे स्थान पर विष्णु भगवान के शुधान्शु यादव तीसरे स्थान पर विष्णु भगवान की परी यादव रही आयु वर्ग 11 में पहले स्थान पर भानू दूसरे स्थान पर विष्णु भगवान के उज्जवल सिंह तीसरे स्थान पर विष्णु भगवान के वैभव कुशवाहा रहे इस प्रतियोगिता में जिले के 5 स्कूल बच्चों ने प्रतिभाग किया स्कूल में पहला स्थान विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल को दूसरे स्थान पर कलामोनट एकेडमी सिराथू तीसरे स्थान पर एम वी कान्वेंट स्कूल रहे सचिव राघवेन्द्र शुक्ल ने बताया कि इस प्रतियोगिता के जिले के लगभग 45 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया पुरस्कार वितरण समारोह में राघवेन्द्र शुक्ल के द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में सचिव राघवेन्द्र शुक्ल राकेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।




# नगर पालिका अध्यक्ष के विरुद्ध मुकदमा लिखाने वाले पत्रकार पर साजिश रच कर लिखा गया मुकदमा

**पत्रकार के विरुद्ध फर्जी मुकदमे को समाप्त कर झूठा मुकदमा लिखाने वाले के विरुद्ध पुलिस ने कार्यवाही नहीं की तो पत्रकार मामले को लेकर पुलिस आला अधिकारियों के पास जाएंगे**

**कौशाम्बी।** फर्जी निवास प्रमाण पत्र के सहारे नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष पद का चुनाव जीतने वाले वीरेंद्र कुमार फौजी के विरुद्ध अदालत ने मुकदमा दर्ज करने का निर्देश मंझनपुर कोतवाली पुलिस को दिया अदालत के निर्देश पर मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार फौजी के विरुद्ध गंभीर धाराओं में कई दिन पहले मुकदमा दर्ज कर लिया है मुकदमा दर्ज करने के बाद सियासी गलियारे में उठा पटक मच गई अपनी कुर्सी बचाने के लिए गुण गणित शुरू हो गई नगर पालिका परिषद मंझनपुर अध्यक्ष के विरुद्ध मुकदमा लिखाने की अदालत से फरियाद करने वाले पवन दुबे पत्रकार के विरुद्ध 6 दिन पहले साजिश रच कर मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है जिस पर हमले की बात बताई जा रही है धारा 307 आईपीसी सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है वादी मुकदमा के शरीर में किसी भी प्रकार के गंभीर चोट के निशान नहीं है गंभीर अवस्था में किसी अस्पताल में उसका इलाज नहीं चल रहा है लेकिन छोटे-छोटे मामलों में आला अधिकारियों के दिशा निर्देश में काम करने वाली मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने पत्रकार के मामले में तत्काल प्राण घातक हमले सहित बिभिन अपराध का मुकदमा पत्रकार पवन दुबे के विरुद्ध लिख लिया है जिससे मंझनपुर कोतवाली पुलिस के कार्यों पर तमाम सवाल खड़े हो गए हैं इसके पहले भी दशरथ लाल ने नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के लिए अदालत से फरियाद की थी मुकदमा दर्ज होने के पहले ही उनके बेटे के विरुद्ध बलात्कार की झूठी साजिश रची गई जिस पर दशरथ लाल ने अदालत से अपना मुकदमा ही वापस ले लिया मुकदमा वापस लेने के बाद दशरथ लाल के बेटे के विरुद्ध बलात्कार की तहरीर वापस ले ली गए इस मामले में भी नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष बीरेन्द्र फौजी के इशारे पर पूरा खेल हो रहा था और इस बार भी मंझनपुर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष के विरुद्ध मुकदमा दर्ज होने के बाद पवन दुबे के बिरुद्ध मुकदमा दर्ज कराकर दहशत और भय कायम कर अपने को बचाने का प्रयास नगर पालिका के अध्यक्ष ने शुरू कर दिया है पत्रकार के विरुद्ध झूठा मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद पत्रकार संगठन में आक्रोश व्याप्त है और लोगों ने कोतवाली पुलिस के कारनामों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा है कि यदि पत्रकार के विरुद्ध फर्जी मुकदमे को समाप्त कर झूठा मुकदमा लिखाने वाले के विरुद्ध पुलिस ने कार्यवाही नहीं की तो पत्रकार मामले को लेकर पुलिस आला अधिकारियों के पास जाएंगे और मंझनपुर कोतवाली पुलिस के फर्जी मुकदमे की कहानी को बेनकाब करेंगे।

## जल निकासी की व्यवस्था ध्वस्त, सड़क पर भरा गंदा पानी, लोगों का निकलना हुआ मुश्किल

**शिकायतों के बावजूद नहीं मिली समस्याओ से निजात, बीते दो साल से सड़क की स्थिति खराब**



कौशाम्बी। मंझनपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत अषाढ़ा चौराहा स्थित मोहल्ले में जल निकासी की सुविधा न होने से स्थानीय लोग परेशान हैं। यहां सड़क पर घरों का गंदा पानी भरा रहता है। ग्राम पंचायत में नाली निर्माण के नाम पर अभिलेखों में लाखों की रकम खर्च कर दी गई है लेकिन उसके बाद भी जन सुविधाओं का अभाव बना हुआ है ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर फर्जी तरीके से विकास कार्य कराकर धन हड़पे जाने का लगातार आरोप लग रहा है ग्राम पंचायत में बढ़े भ्रष्टाचार के बाद बीते दो साल से सड़क का हाल खराब है। सड़क पर लगातार जलजमाव से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। बार-बार ग्रामीणों की मांग के बाद ग्राम पंचायत निधि से 3 वर्ष पहले ठेकेदार ने नाली तो बनवाई, लेकिन मानक का ध्यान नहीं दिया गया जिससे नाली से घरों का गंदा पानी निकल ही नहीं पाता है। मानक बिहीन नाली बनाकर सरकारी भुगतान कर दिया गया लेकिन नाली का उपयोग जन मानस को नहीं मिल सका गलत तरीके से नाली का निर्माण करने वाले ठेकेदार और ग्राम पंचायत पर अभी तक कार्यवाही भी नहीं हुई ग्राम पंचायत के लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण गंदा पानी सड़क पर भरा रहता है। बब्बन, सोमनाथ, चांद बाबू, आदि के मुताबिक करीब 20 घरों के लोगों को नाली के पानी से होकर गुजरना पड़ता है। कई बार इसकी शिकायत अधिकारियों से की गई है लेकिन समस्या से निजात नहीं मिली।

## मुकदमा में सुलह समझौता के लिए दबाव बना रहे दबंग

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम काजू के रहने वाले भूपेन्द्र सिंह ने चरवा थाना प्रभारी से न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाते हुए शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका और उसके विपक्षी रवींद्र सिंह व धीरेन्द्र सिंह का मुकदमा सिविल और रेवेन्यू न्यायालय में चल रहा हैं। जिसको लेकर भूपेन्द्र सिंह के विपक्षी रवींद्र सिंह व धीरेन्द्र सिंह रंजिश रखते हैं। इसी कारण शक्ति सिंह पुत्र रवींद्र सिंह आए दिन विवाद करता रहता है। बीते चार नवम्बर की रात्रि समय करीब नौ बज कर तीस मिनट पर भूपेन्द्र सिंह के घर पर आकर गाली गलौज देकर कहने लगा कि मेरा पुलिस प्रशासन कुछ नहीं कर सकती है। मैं तुम्हें जान से मार दूंगा और समझौता कर लेने की धमकी देते हुए कहा कि समझौता नहीं करोगे तो पुरे परिवार को खतम कर देंगे। तुम्हारे परिवार को खतम करने के लिए धीरेन्द्र चाचा ने राइफल का लाइसेंस करवाया है। शक्ति सिंह के इस कृत्य में धीरेन्द्र सिंह भी शामिल है। धीरेन्द्र सिंह के उकसाने से उक्त विपक्षी का हौसला बुलन्द है। भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि किसी भी समय उसके परिवार के साथ घटना घटित हो सकती है। इस वजह से वह और उसके परिवार के लोग डरे सहमे हुए हैं। भूपेन्द्र सिंह ने चरवा थाना प्रभारी से कहा कि यदि मेरे व मेरे परिवार वालो के साथ किसी प्रकार की घटना घटित होती हैं तो उसके जिम्मेदार उक्त विपक्षीगण होगे। चरवा थाना प्रभारी द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस के साथ जांच पड़ताल में जुट गई है और पीड़ित को न्याय और सुरक्षा दिलाने का भरोसा दिलाया है।

# कैकेयी ने राम को बनवास तो भरत को मांगी राजगद्दी

अखंड भारत संदे

**कौशाम्बी।** राजा दशरथ जी गुरु वशिष्ठ को बुलाकर राम के राजतिलक की तैयारी की बात करते हैं। यह बात मंथरा जान जाती है। वह महारानी कैकेयी के पास जाकर उन्हें भड़काने का प्रयास करती है। मंथरा को कैकेयी फटकार लगाती है। अंत में मंथरा कैकयी को भड़काने में सफल हो जाती है। मंथरा ने कैकेयी से कहा कि वह कोप भवन चली जाए तथा अपने दो वरदान मांग लें। कोपभवन की बहुत मार्मिक प्रस्तुति की गई। रानी कैकई की कठोर वाणी, राजा दशरथ की लाचारी और विलाप निवेदन के प्रसंग ने दर्शकों का दिल छू दिया। कैकयी कोप भवन में लेट जाती है। राजा दशरथ वहां पहुंचते हैं। काफी मनावन के बाद वह पहले वरदान के रुप में अयोध्या का राज भरत को तथा दूसरे वरदान में राम को 14 साल का वनवास मांगती है। तापस वेष विशेष उदासी, चौदह बरिस राम वनवासी। इतना सुनते ही महाराज दशरथ बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ते हैं। भगवान राम को जब यह बात पता चलती है तो वह सहर्ष बन जाने को तैयार हो जाते है। श्री राम के साथ सीता व लक्ष्मण भी बन को चले जाते है। श्री राम के वियोग में राजा दशरथ प्राण त्याग देते है।इस मौके पर मुख्य ट्रस्टी रमेश चंद्र, संरक्षक बच्चा कुशवाहा, कमेटी के अध्यक्ष संजय जायसवाल, प्रबंधक ज्ञानू शर्मा, सलाहकार पवन शर्मा, भाजपा नेता श्याम सुंदर केशरवानी, रामानंद वर्मा, संजीत मोदनवाल, पंकज शर्मा, मोनू वर्मा, रामकेश मौर्य, कल्लू राम चौरसिया, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## साइकिल बाइक की आमने-सामने टक्कर तीन घायल

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर गांव के सामने साइकिल सवार और बाइक सवार के आमने-सामने टक्कर हो गई है जिससे तीन लोग गंभीर घायल हैं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है सैनी की तरफ से पति पत्नी साइकिल से घर जा रहे थे सामने से आ रहे बाइक सवार से भिड़ंत हो गई जिससे तीन लोग घायल हो गए पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक रविवार शाम लगभग 6:00 बजे शैलेंद्र कुमार अपनी पत्नी मनोरमा देवी को साइकिल से लेकर सैनी की तरफ से अपने घर टांडा जा रहे थे जैसे ही वह रसूलपुर गांव के सामने प्रयागराज कानपुर लेन पर पहुंचे रॉन्ग साइड बाइक से आ रहे पुत्तन पुत्र गया प्रसाद निवासी सुजरही खागा फतेहपुर सैनी की तरफ जा रहा था दोनों लोग की आपस में भिड़ंत हो गई जिसमें तीनों लोग घायल हो गए हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई लोगों की सूचना पर अझुवा चौकी पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेज दिया वहीं पति पत्नी की हालात गंभीर है।

## न्यूज झरोखा

### भरवारी के तीन कालेजों में छात्र वृत्ति परीक्षा का हुआ आयोजन, हजारों छात्र परीक्षा में हुए शामिल



**भरवारी कौशाम्बी।** जिले के भरवारी कस्बे के नेशनल इंटर कालेज,हुबलाल इंटर कालेज और कस्तूरबा गांधी कन्या इंटर कालेज में छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित हुई,जिसमे कक्षा 8 के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया,इस परीक्षा में पास होने वाले छात्र छात्राओं को एक हजार रूपए प्रति माह की छात्रवृत्ति शासन द्वारा दी जायेगी। भरवारी कस्बे के तीन इंटर कालेज में लगभग 1500 छात्र छात्राओं ने छात्र वृत्ति की परीक्षा में शामिल होकर परीक्षा दी है।इन छात्र छात्राओं को पास होने के बाद शासन एक हजार रुपए प्रति माह छात्र वृत्ति प्रदान करेगा।जिससे छात्र छात्राएं अपनी आगे की पढ़ाई को अच्छे से कर सकेंगे।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने फीता काटकर मेडिकल स्टोर का किया उद्घाटन



**महेवाघाट कौशाम्बी।** सरसावा ब्लाक के कुम्हियावा बाजार में रविवार को जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने द्विवेदी मेडिकल स्टोर का फीता काटकर उद्घाटन किया।मेडिकल स्टोर के संचालक प्रियांशु द्विवेदी ने बताया कि क्षेत्र करीब 20 गाँवो के लोग अभी तक दवाओं के लिए 20 किलोमीटर दूर जाना पड़ता था अब लोगो को सुविधा जनक साबित होगा।इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अकबर सिंह,दिनेश सिंह,मुकेश द्विवेदी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर तहसील दिवस में शिकायत

**कौशाम्बी।** तिलगोड़ी गांव में सरकारी जमीन पर कुशल भारतीय पुत्र उदल भारतीय के द्वारा दबंगई के बल पर अवैध कब्जे की नियत से पिलर गाड़कर निर्माण कर रहा है। शिकायत कर्ता नंदलाल ने अधिकारियों के समक्ष शिकायती पत्र देते हुए बताया कि तिलगोडी गांव का कुशल भारतीय पुत्र ऊदल भारतीय एक दबंग किस्म का व्यक्ति है और वह दबंगई के बल पर गांव की सरकारी जमीन पर पिलर गाड़कर निर्माण कर अवैध कब्जा कर लिया है। शिकायत कर्ता ने यह भी बताया कि कुशल भारतीय इससे पहले तलाबी नंबर में दर्ज जमीन पर घर बना रहा था शिकायत के बाद मौके पर पहुंचे तहसील के अधिकारियों ने निर्माण कार्य रोकवाकर कार्यवाही का आदेश दिए हैं। कुछ दिन बीत जाने के बाद एक बार फिर से कुशल भारतीय की नजर सरकारी जमीन पर खराब हो गई है उस पर कब्जा करना शुरू कर दिया है।

### हैंडपंप बनवाने गए पार्षद प्रतिनिधि को दबंग ने पीटा

**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी** नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर दो राजा सुहेलदेव नगर चंदीपुर परसरा में घनश्याम पासी पार्षद प्रतिनिधि है।रविवार को क्षेत्र का हैंडपंप बनवाने गए पार्षद प्रतिनिधि को दबंग ने जमकर पीटा और पुलिस के पहुंचने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। पार्षद प्रतिनिधि ने बताया कि उनके वार्ड के गुलरिहा मोहल्ला में एक हैंडपंप खराब था जिसकी शिकायत मोहल्ले के दुग्गा ने दो दिन पहले किया जिसे बनवाने के लिए मिस्त्री भेजा गया जिस पर उसी मोहल्ले के फूलचंद्र ने दबंगई के बल पर फोन करके बुलाया और बिना किसी बात के गाली गलौज करने लगा विरोध करने पर जमकर पीट दिया। 112 नंबर के पहुंचने पर वह भाग निकला। पीडिट सभासद ने कोखराज पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए दबंग के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

### मतदाताओं का पंजीकरण कराने में सहयोग प्रदान करने की अपील

**कौशाम्बी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त अर्ह मतदाताओं को सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए दावे/आपत्तियॉ दिनांक 09 दिसम्बर 2023 तक प्राप्त की जायेंगी। उन्होंने बताया कि दिनांक 05 नवम्बर, 25 नवम्बर, 26 नवम्बर, 02 दिसम्बर एवं 03 दिसम्बर विशेष अभियान की तिथियॉ है, जिसमें जनपद के समस्त मतदान केन्द्रों पर पदाभ्हित अधिकारी एवं बूथ लेबिल अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर दावे आपत्तियॉ प्राप्त करेंगे। जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा समस्त मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया जायेंगा। उन्होंने समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल एवं जनसामान्य से अधिकाधिक अर्ह मतदाताओं का पंजीकरण कराने में सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

### महेवाघाट थानाध्यक्ष ने भारी फोर्स के साथ किया पैदल गश्त



**महेवाघाट कौशाम्बी** पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार रविवार रात को मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र में थाना अध्यक्ष महेवा घाट रजनीकांत राजपूत द्वारा भारी फोर्स के साथ पैदल ग्रस्त किया गया एवं लोगों से भय मुक्त व्यापार एवं भय मुक्त रहने का आश्वासन दिया गया एवं सड़कों के किनारे खड़ी संदिग्ध गाड़ियों को चेक किया गया और लोगों को जागरूक किया गया कि अपने दुकान एवं अपने मकान में ज्यादा से ज्यादा सीसीटीवी कैमरा लगाने का सुझाव दिया जिससे कि अपराधियों को पहचान कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए उनके साथ सब इंस्पेक्टर नंदू यादव सब इंस्पेक्टर विनोद कुमार यादव कांस्टेबल एवं महिला कांस्टेबल शामिल रहे।

## कृषि विज्ञान केन्द्र, ग्रामीण क्षेत्र में किसानों का मन्दिर-मंत्री कृषि

**प्रदेश के मंत्री कृषि ने कृषि विज्ञान केन्द्र, कौशाम्बी का किया भ्रमण**

**मंत्री ने कृषकों को सरसों की उन्नतशील प्रजाति का किया वितरण**



**कौशाम्बी।** प्रदेश के मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग श्री सूर्य प्रताप शाही ने आज कृषि विज्ञान केन्द्र, कौशाम्बी का भ्रमण किया। कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र का उद्देश्य किसानां तक नई-नई तकनीकों एवं उन्नत बीजों को पहुँचाना व किसानों को उन्नतशील खेती करने के लिए प्रोत्साहित करना तथा ग्रामीण क्षेत्र में किसानों एवं महिलाओं की आर्थिक क्षमता में वृद्धि एवं हुनरमंद बनाना है। उन्हांने कहा कि किसानां को जागरूक किया जाय कि परम्परागत खेती छोड़कर उन्नशील खेती करें, इससे कम लागत में अधिक उत्पादन होता है। खाद एवं कीटनाशक का कम से कम प्रयोग के लिए भी किसानां को जागरूक किया जाय। किसानां को जैविक एवं प्राकृतिक खेती के लिए भी जागरूक किया जाय। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनायें संचालित की जा रहीं है। कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा गॉव-गॉव जाकर किसानां को योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयास से वर्ष 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज को बढ़ावा दिये जाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाय तथा किसानों को मोटे अनाजों के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जाय। मोटे अनाज के विभिन्न व्यंजन/रेसीपी को बढ़ावा दिया जाय। मोटे अनाज स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होते हैं। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र, ग्रामीण क्षेत्र में किसानां का मन्दिर है। उन्होंने कहा कि महिला समूहों को केले के रेसे से विभिन्न उत्पाद बनाये जाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाय।

## संपादक की कलम से

# सट्टेबाजी का खेल, अकेले नहीं बघेल

**चुनावी** राज्य छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की नैया पार लगाने का दम-खम दिखाने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सट्टेबाजी के बुने गए जाल में उलझते नजर आ रहे हैं। उनका दामन महादेव सट्टा ऐप की चार सौ बीसी से दागदार हो गया है। इस खेल में वह अकेले नहीं हैं। इस खेल में शामिल कुछ भारतीय अभिनेताओं और अभिनेत्रियों के चेहरे से नकाब पहले ही हटाया जा चुका है। दरअसल यह सट्टेबाजी का ऑनलाइन प्लेटफार्म है। इसका असल नाम महादेव बुक ऐप है। इसके दो प्रमुख कर्ता-धर्ता का नाम सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल है। दोनों इस्पात सिटी भिलाई के रहने वाले हैं। भिलाई को छत्तीसगढ़ में सबसे धनी लोगों का शहर माना जाता है। चंद्राकर और उप्पल अब यहां नहीं रहते। दोनों कभी जूस और टायर बेचते रहे हैं। जुआ की लत क्या लगी, दोनों रातों-रात संयुक्त अरब अमीरात यानी दुबई पहुंच गए। आज वहां महादेव ऐप के रूप में दोनों के नाम का सिक्का चलता है। इसी सिक्के की खनक से भारत की सियासत में भूचाल आ गया है।

भाजपा ने प्रवर्तन निदेशालय के बड़े खुलासे के बाद भूपेश बघेल को घेरा है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने तो खुला आरोप लगाया है कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में हवाला ऑपरेटर के पैसे का प्रयोग कर रही है। ईरानी ने कहा है कि भूपेश बघेल के खिलाफ कुछ चौंका देने वाले तथ्य देश के सामने आए हैं। असीम दास से 5.30 करोड़ रुपये से ज्यादा बरामद हुए हैं। ईरानी ने इस पर सवाल पूछे हैं कि क्या यह सत्य नहीं है कि दो नवंबर को होटल ट्राइडेंट में असीम दास से पैसा बरामद हुआ? क्या ये सत्य नहीं है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के नेताओं को शुभम सोनी के माध्यम से असीम दास पैसा पहुंचाते थे? क्या ये सत्य नहीं है कि शुभम सोनी को एक वॉयस मैसेज के माध्यम से आदेश दिया गया कि वह रायपुर जाए और बघेल को चुनाव खर्च के लिए पैसा दे? क्या यह सत्य नहीं है कि अलग-अलग बैंक खातों से 15.50 करोड़ धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत फ्रीज किया गया? क्या यह सत्य है कि असीम दास को दुबई भेजा गया था? केंद्रीयमंत्री ने कहा है कि असीम दास ने कुबूल किया है कि यह पैसा महादेव ऐप के तहत अवैध सट्टेबाजी का है। साथ ही शुभम सोनी महादेव के शीर्ष प्रबंधन का हिस्सा है। इसी शुभम ने स्वीकार किया है कि महादेव ऐप के प्रमोटर्स ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को 538 करोड़ रुपये रिश्वत दी। इस खेल में चंद्रभूषण वर्मा नामक अधिकारी की भूमिका भी सामने आई है। कहते हैं तिजोरियों को चाहे जितने धीरे से खोलो, थोड़ी-बहुत आवाज तो आती ही है। यहां यह भी सनद होना चाहिए कि महादेव सट्टा ऐप की हल्की आवाज से उभरी गोलमाल की पूरी एबीसीडी प्रवर्तन निदेशालय ने पढ़ ली है। निदेशालय ने इस ऐप से संबद्ध 14 आरोपितों के खिलाफ 9084 पेज की चार्जशीट इसी साल 21 अक्टूबर को अदालत में पेश की है। अदालत में इसी माह 25 नवंबर को इस पर सुनवाई होनी है। इसमें कहा गया है कि यह गोलमाल करीब छह हजार करोड़ रुपये का है। प्रारंभिक चरण में 41 करोड़ की संपत्ति अटैच की गई है। चार्जशीट में इस ऐप के संचालक सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल मुख्य आरोपित हैं। इन समेत 14 आरोपितों के खिलाफ चालान पेश किया गया है।

## नये भारत के विकास की नई इबारत

**प्रधानमंत्री न**रेन्द्र मोदी ने दूरदर्शी नीतियों, समर्पण और टीम भावना के साथ देश के लोकतंत्र को एक नई दिशा दी है। भारत आत्मनिर्भर, स्वावलंबी, और विकसित बनने की दिशा में अग्रसर है। मोदी सरकार का प्रत्येक निर्णय लोक कल्याण और राष्ट्रीय हित के अनुरूप है। दशकों से लंबित फैसलों को लागू किया। लंबित परियोजनाओं को पूरा किया गया। कोरोना के बाद अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाना दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी। मगर भारत की अर्थव्यवस्था अब भी विकास की राह पर है। बीस लाख करोड़ रुपये के आत्मनिर्भर भारत पैकेज के सहारे भारत की विकास यात्रा को नई गति मिली है। देश आत्मनिर्भरता की राह पर बढ़ा है।

इस विकास यात्रा की झलक देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने काशी दीनदयाल हस्तकला संकुल ट्रेड सेंटर में इक्यावनवें राष्ट्रीय कंपनी सचिव सम्मेलन के संबोधन में दिखी। उन्होंने विकास की दिशा में बढ़ रहे भारत के अनेक तथ्यों का उल्लेख किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने काशी का कायाकल्प कर दिया है। उनके इस कथन को नौ वर्ष में हुए काशी के विकास से महसूस किया जा सकता है। श्री काशी विश्वनाथधाम का भव्य निर्माण तो ऐतिहासिक है। अयोध्या में भव्य श्रीराम मन्दिर का निर्माण चल रहा है। दुनिया बाईस जनवरी की प्रतीक्षा कर रही है, जब उसका भव्य उद्घाटन होगा।

उपराष्ट्रपति ने जम्मू-कश्मीर में हुए संवैधानिक सुधारों और इसके लिए हुए संविधान संशोधन का भी उल्लेख किया। साथ ही अर्थव्यवस्था में प्रगति की चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस दशक के अंत तक भारत, जर्मनी और जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में उभरेगा। उन्होंने सवाल उठाया कि राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री रहते हुए कहा था कि सरकारी योजनाओं के एक रुपये में से केवल पन्द्रह पैसा ही गरीबों तक पहुंचता है। लेकिन वे बस कहकर ही रह गए, समाधान की दिशा में कुछ नहीं किया। समाधान मोदी ने किया है। आज सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ सीधे लोगों के खातों में पहुंच रहा है। इस तरह के अनेक बदलावों की कहानी मोदी सरकार के नौ सालों के कार्यकाल में लिखी गई है। विकास की कहानियां तो और भी हैं। भारत का डिजिटली लेनदेन ऐतिहासिक है।

# उद्योगपतियों की सुरक्षा बहुत जरूरी

अशोक भाटिया



**देश के** सबसे अमीर उद्योगपति और रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी को लगातार धमकियां मिल रही है। बीते चार दिनों में उन्हें तीन बार धमकियां मिल चुकी है। पहले 20 करोड़, फिर 200 और अब 400 करोड़ की फरौती की धमकी मिली । जुर्म के इतिहास में ये शायद अपनी तरह का पहला मामला होगा जब महज पांच दिनों के अंदर किसी से किसी ने इतनी बड़ी रंगदारी मांगी होगी हो। रंगदारी भी किसी ऐसे वैसे शख्स से नहीं, बल्कि 6.50 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति के मालिक और एशिया के सबसे अमीर आदमी मुकेश अंबानी से मांगी गई। आरोपी इतने बेखौफ थे कि हर बार भेजे गए ई-मेल में जान से मारने की धमकी देते हुए रंगदारी की रकम बढ़ाते जा रहे थे। उनकी इस करतूत ने मुंबई पुलिस से लेकर तमाम सिक्योरिटी एजेंसियों को भी सोचने पर मजबूर कर दिया। हालांकि, एक हफ्ते के अंदर ही मुंबई पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

ज्ञात हो कि 27 अक्टूबर की शाम को मुकेश अंबानी की कंपनी के ईमेल आईडी पर एक गुमनाम शख्स एक ई-मेल भेजता है। ई-मेल में सीधे अंबानी के नाम धमकी लिखी है, "यदि तुमने हमें 20 करोड़ रुपए नहीं दिए तो हम तुम्हें जान से मार देंगे, हमारे पास भारत के सबसे अच्छे शूटर्स हैं। इसके अगले ही दिन दूसरी ई-मेल आती है। चूंकि ये धमकी सीधे-सीधे रिलायंस इंड्रस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी को दी गई थी, इसलिए कंपनी में खलबली मच जाती है। मुकेश अंबानी के सिक्योरिटी इंचार्ज की ओर शिकायत मिलने के साथ ही पुलिस मामले की जांच शुरू कर देती है। पुलिस मामले के बारे में कोई जानकारी जुटा पाती, उससे पहले 28 अक्टूबर को दूसरा ई-मेल आ जाता है।

हालाँकि बिजनेस टायकून मुकेश अंबानी को मिले धमकी भरे ई-मेल की जांच कर रही मुंबई पुलिस ने शनिवार को तेलंगाना और गुजरात से दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पिछले आठ दिनों में अंबानी की कंपनी की ऑफिशियल ई-मेल आईडी पर तीन धमकी भरे ई-मेल भेजे गए थे, जिनमें 400 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गई थी। पैसे नहीं देने पर उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। आरोपी लड़कों में से एक की पहचान गणेश रमेश वनरापति (19) के रूप में हुई है, जिसे मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने तेलंगाना के वारंगल से गिरफ्तार किया है। दूसरे आरोपी की पहचान शादाब खान (21) के रूप में हुई है। उसे गुजरात से पकड़ा गया है।

मुकेश अंबानी से रंगदारी मांगने का ये कोई पहला मौका नहीं है। इससे पहले रिलायंस फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे एक अस्पताल में मुकेश अंबानी और उनके परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी के कॉल आए जो अरबपति उद्योगपति को मिली सबसे अद्भुत धमकीथी।मुंबई पुलिस ने सर एच. एन रिलायंस फाउंडेशन हॉस्पिटल में बीते दो दिनों के दौरान कथित तौर पर फोन करने के लिये बिहार में दरभंगा से राकेश कुमार मिश्रा (30) नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया था । आरोपी कथित तौर पर अस्पताल को बम से उड़ाने और अंबानी, उनकी पत्नी नीता और बेटे आकाश व अनंत को मारने की धमकी दे रहा था। फोन करने वाले व्यक्ति ने दक्षिण मुंबई स्थित अंबानी परिवार के प्रसिद्ध घर एंटीलिया को उड़ाने की भी धमकी दी थी। शहर की पुलिस के मुताबिक, यह दूसरा मौका था जब अस्पताल के लैंडलाइन नंबर पर अंबानी परिवार को धमकी मिली थी ।

बताया जाता है कि उसी साल 15 अगस्त को अस्पताल को कम से कम नौ फोन कॉल आए जिसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और उनके परिवार के सदस्यों को धमकी दी गई थी। बिष्णु विदु भौमिक (56) नाम के शख्स को इस सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। मुंबई पुलिस ने नवंबर 2021 में भी संभावित खतरे के बारे में एक टैक्सी चालक से मिली सूचना के बाद एंटीलिया के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी थी, हालांकि जांच में पाया गया कि ऐसा कोई खतरा नहीं था। उस साल की शुरूआत में लेकिन अंबानी परिवार को धमकी से संबंधित एक घटना ने राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोरीं और राज्य सरकार को हिला कर रख दिया।अंबानी के दक्षिण मुंबई स्थित आवास 'एंटीलिया' के पास 25 फरवरी 2021 को एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) से विस्फोटक मिला था।पुलिस ने छपा हुआ धमकी भरा नोट और जिलेटिन की छड़ वाहन से बरामद की थी। नोट में लिखा था कि यह सिर्फ ट्रेलर है और अगली बार सिर्फ छड़ों के बजाए बम होगा। बाद में घटना के सिलसिले में तत्कालीन पुलिस अधिकारी सचिन वाजे समेत कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया था।मुकेश अंबानी को फिलहाल केंद्र सरकार की तरफ से जेड-प्लस सुरक्षा मिली हुई है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल उनके घर पर सुरक्षा मुहैया कराता है। आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन के नाम से 2013 में अंबानी के नरीमन प्वाइंट इलाके में मेकर चैंबर्स कार्यालय में एक धमकी भरा पत्र भेजा गया था। पत्र में उन्हें गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी का समर्थन करने के लिए धमकी दी गई थी।मुकेश अंबानी के छोटे भाई और उद्योगपति अनिल अंबानी 2009 में सुरक्षा से जुड़े कारणों से चर्चा में थे, जब उनके हेलीकॉप्टर के ईंधन टैंक में कंकड़ पाए गए थे। ऐसा संदेह था कि यह उन्हें नुकसान पहुंचाने की साजिश थी। गौरतलब है कि भारत की अर्थव्यवस्था का इतिहास सिंधु घाटी सभ्यता के उदय के साथ शुरू हुआ माना जाता है। सिंधु घाटी सभ्यता की अर्थव्यवस्था काफी हद तक व्यापार पर निर्भर थी। इसी सभ्यता में नागरिक कृषि का अभ्यास करते थे। वे तांबे, कांसे अन्य वस्तुओं से हथियार और बर्तन बनाते थे। वे मोतियों, सोने, चांदी का व्यापार किया करते थे। मुगलकाल में भी भारतीय अर्थव्यवस्था ने अपने इतिहास में समृद्धि का अभूतपूर्व अनुभव किया। ब्रिटिश शासन के दौरान भारत कच्चे माल के निर्यातक से प्रासंस्कृत वस्तुओं के निर्यातक में बदल गया। 1750 के दशक में ज्यादातर महीन कपास और रेशम का निर्यात किया जाता था। यूरोप, एशिया और अफ्रीका के बाजारों में भारत 1850 के दशक तक कच्चे माल का निर्यात किया करता था। लेकिन ब्रिटिश ओपनिवेशक शासन के तहत शोषण ने भारत की अर्थव्यवस्था को तबाह करके रख दिया। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान ही बिड़ला बजाज जैसे उद्योगपति उभर कर सामने आए और आजादी के आंदोलन में भी उनकी बड़ी भूमिका रही। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत की अर्थव्यवस्था के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू हुई और धीरे-धीरे अनेक औद्योगिक घराने उभर कर सामने आए। भारत के विकास में इन औद्योगिक घरानों की बड़ी भूमिका रही।

भारतीय अर्थव्यवस्था जो कि अब दुनिया में सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है। इसका श्रेय भी औद्योगिक घरानों, उद्योगपतियों को दिया जाना चाहिए। अर्थव्यवस्था के विकास में बड़े उद्योगपतियों की भूमिका को देखते हुए उनकी और उनके परिवारों की सुरक्षा सरकारों का दायित्व है। उदारवादी आर्थिक नीतियां लागू हो जाने के बाद खुली अर्थव्यवस्था में उद्योगपतियों की सुरक्षा को नजरंदाज नहीं किया जा सकता। बाजार मूलक अर्थव्यवस्था में किसी भी उद्योगपति की भूमिका को कम करके आंका नहीं जा सकता।देश में औद्योगी क घरानों के प्रमुखों की सुरक्षा बहुत जरूरी है। अगर उन्हें अपनी सुरक्षा का भरोसा होगा तो ही वे खुलकर और बिना किसी भय के काम करेंगे। विकास की पहली शर्त होती है शांति और सुरक्षा। भय, आतंक और गिरोहों की धमकियों के बीच विकास सम्भव नहीं है।

# फोन 'हैक की राजनीति: संयम जरूरी

ललित गर्ग



**पांच राज्यों** के विधानसभा चुनाव के लगातार आक्रामक होने के मध्य में देश के कुछ प्रमुख विपक्षी नेताओं के आईफोन पर निगरानी किये जाने का मामला एक नया राजनीतिक विवाद खड़ा कर रहा है। इसे सरकार प्रायोजित बताकर सरकार को घेरने की कोशिशें भी एकाएक उग्र हो गयी है। एप्पल कम्पनी ने इन फोन धारकों को ईमेल सन्देश भेज कर लिखा है कि आपके फोन को किसी ह्यमालवेयर वायरसह्व से सरकार द्वारा सर्वेक्षण में रखा जा रहा है जिसके माध्यम से आपकी सारी गतिविधियों पर नजर रखी जा सकती है। मगर इसके साथ ही सरकार ने ऐसी किसी कार्रवाई से इन्कार करते हुए पूरे मामले की सूचना प्रौद्योगिकी मन्त्रालय की संसदीय समिति से जांच कराने की घोषणा कर दी है और कहा है कि ऐसा ही एक ई-मेल सन्देश वाणिज्य मन्त्री पीयूष गोयल को भी आया है। फोनों पर निगरानी का आरोप सरकार के लिए भी गंभीर चिन्ता का विषय है क्योंकि यह ऐसा मामला है जिसमें सत्ता से बेदखल होने जैसी स्थितियां बनती है। जब तक मामले की पूरी जांच नहीं हो जाती, किसी को भी दोषी ठहराना जल्दीबाजी होगी। पक्ष-विपक्षी दल चुनावी माहौल को धुंधलाने या विवादास्पद बनाने की बजाय उसे स्वस्थ बनाने में सहयोग करें, यह स्वस्थ एवं आदर्श लोकतंत्र की बुनियाद है। किसी की स्वतंत्रता का हनन लोकतंत्र की पवित्रता को ही समाप्त कर देती है।

निश्चित ही किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार की ओर से विपक्षी नेताओं की निजता भंग करने का कोई भी मामला सामने आता है, तो स्वाभाविक ही सरकार को घेरा जाना चाहिए एवं जबाव मांगा जाना चाहिए। लेकिन बिना बुनियाद के ऐसे विवाद खड़े करना उचित नहीं है। अच्छी बात इस मामले में यह है कि सरकार ने इन आरोपों को पूरी गंभीरता से लिया है और तत्परता से निर्णय लेते हुए न केवल पूरे मामले की विस्तृत जांच के आदेश दे दिए गए हैं बल्कि आईफोन कंपनी से भी जांच में शामिल होने को कहा गया है। सभी पक्षों के लिए जरूरी है कि निष्कर्ष निकालने की जल्दबाजी करने के बजाय मामले की बारीक और विश्वसनीय जांच सुनिश्चित करने में सहयोग करें। यह न केवल विपक्षी दलों के नेताओं की निजता से जुड़ा मामला है बल्कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा एवं प्रतिबद्धता का भी मामला है।

हालांकि यह साफ करना भी जरूरी है कि मौजूदा मामले में अभी बात सिर्फ संदेह की है। आईफोन पर ऐपल की ओर से भेजे गए ये मेसेज ऑटो जेनेरेटेड थे, जिनकी प्रामाणिकता को लेकर कंपनी भी आश्वस्त नहीं है। उसका कहना है कि इनमें से कुछ मेसेज फॉल्स अलार्म के भी हो सकते हैं। इसके बावजूद विपक्षी नेताओं की आशंकाएं निराधार है या आधारभूत है, यह तो जांच के निष्कर्षों से ही पता लगेगा। मेसेज विपक्षी दलों के नेताओं और कुछ सत्ता विरोधी माने जाने वाले पत्रकारों के ही फोन पर आने का आरोप निराधार है क्योंकि ऐसा ही मेसेज एक केन्द्रीय मंत्री को भी मिला है। सूचना टैक्नोलॉजी क्रान्ति होने के बाद चीजें काफी बदल चुकी हैं अतः आरोपों का स्वरूप भी बदल चुका है। इससे पहले दो वर्ष पूर्व भी देशवासियों ने ह्यपेगाससह्व वायरस का पूरा कर्मकांड देखा है जिसकी जांच सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित एक विशेष समिति ने की थी। इस मामले को लेकर दो साल पहले संसद में भी जमकर हंगामा हुआ था। लेकिन उसमें आरोप सिद्ध नहीं हो पाये थे। ऐसे में जब विपक्षी नेताओं के फोन की हैकिंग का यह नया आरोप लगा है तो उसे पूरी गंभीरता से लेने की जरूरत है। इस मामले को लेकर आरोप-प्रत्यारोप से बचते हुए सत्य के उजागर होने तक इंजतार करना चाहिए। सरकार की तरफ से यह भी कहा गया है कि वह पूरे प्रकरण की जांच में एप्पल कम्पनी के उच्च पदाधिकारियों को भी पूछताछ के लिए बुला सकती है। इस मामले में मूल सवाल निजी स्वतन्त्रता का उठता है जिसे सर्वोच्च न्यायालय नागरिकों का मूल अधिकार मान चुका है। लोकतांत्रिक प्रणाली में सभी को लिखने, बोलने, सोचने और करने की स्वतंत्रता होती है। आईटी मंत्रालय के सूत्रों ने कहा है कि केंद्रीय ऑनलाइन सुरक्षा एजेंसी सीईआरटी-इन (भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम) आईफोन ह्यहैकिंगह्व प्रयासों के विपक्ष के दावे की जांच करेगी और वही हैकिंग और फिशिंग जैसे साइबर सुरक्षा खतरों का जवाब देने के लिए जिम्मेदार राष्ट्रीय एजेंसी है। महुआ मोइत्रा, प्रियंका चतुर्वेदी, राघव चड्ढा, शशि थरूर, पवन खेड़ा और सीताराम येचुरी सहित कई विपक्षी नेताओं ने मंगलवार को दावा किया कि उन्हें एप्पल अलर्ट मिला है जिसमें उनके आईफोन में राज्य प्रायोजित हैकिंग की चेतावनी दी गई है। आईफोन निमार्ता एप्पल ने मंगलवार को कहा था कि वह विपक्षी दलों के कुछ सांसदों को भेजे गए चेतावनी संदेश को किसी विशिष्ट सरकार-प्रायोजित सेंधमारों से नहीं जोड़ती और वह इस बारे में जानकारी नहीं दे सकती है कि ऐसी चेतावनियों का कारण क्या है। कारणों का पता तो विस्तृत जांच के बाद ही सामने आयेगा, तब तक पक्ष एवं विपक्ष को शांत रहते हुए विवेक का परिचय देना चाहिए। क्योंकि यह भारत, भारतीय लोकतंत्र एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था के व्यवस्थित संचालन से जुड़ा मामला है। ताजा मामला इसलिये भी बहुत गंभीर है क्योंकि ऐसे मामलों में सत्ताएं बदलती देखी गयी है। इसलिये ऐसे मामलों एवं आरोपों में गंभीरता बरतना जरूरी है। राजनेताओं एवं राजनीतिक दलों के निजता भंग के कम उदाहरण ही भारत में देखने को मिले हैं लेकिन जब भी किसी सरकार पर इस प्रकार के आरोप लगे तो उसे भारी कीमत चुकानी पड़ी है। सबसे बड़ा उदाहरण 80 के दशक का है जब कर्नाटक की वीरप्पा मोइली सरकार ह्यटेप कांडह्व में फंस गई थी तो उसे सत्ता से बेदखल होना पड़ा था। डा. मनमोहन सिंह सरकार पर भी फोन टेप करने के आरोप लगे थे। पूरी दुनिया का सबसे सशक्त और उदार लोकतन्त्र माने जाने वाले अमेरिका के वाटर गेट कांड में रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने अपनी प्रतिद्वन्द्वी डेमोक्रेटिक पार्टी के मुख्यालय पर जासूसी यन्त्र लगा कर उसकी गतिविधियों को जानने की कोशिश की थी।

# पराली पर सियासत हावी

बाल मुकुंद ओझा



**पराली जल रही** है, लोगों का सांस लेना दूभर हो रहा है लेकिन सियासत अपने उफान पर है। नेता एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। गलती का ठीकरा दूसरी सरकार पर फोड़ा जा रहा है। लगता है लोगों की खराब होती सेहत से किसी का लेना देना नहीं है। देश की राजधानी दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण में पराली जलाने का बड़ा योगदान है। सर्दियों के मौसम के दौरान इसका प्रकोप देखने को मिलता है। पंजाब, हरियाणा और यूपी आदि राज्यों में लगातार पराली जलाई जा रही है। पराली को लेकर सियासत भी होने लगी है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय इसके लिए हरियाणा और यूपी को दोषी ठहराते है, चूँकि पंजाब में उनकी ही पार्टी का राज है इसलिए वे पंजाब का नाम नहीं लेते। जबकि पंजाब में रोजाना हजारों मांमले सामने आ रहे है। देश की राजधानी दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है जो पराली प्रदूषण को रोकने में नाकाम हो रही है। इसके चलते राजधानी दिल्ली में हवा का स्तर खराब होता जा रहा है। पंजाब में दशहरे से दिवाली के बीच का वक्त वो समय होता है जब पराली जलाने के मामले पीक पर पहुंच जाते हैं। इस साल भी पराली जलाने के मामलों में 28 अक्टूबर के बाद बेहताशा बढ़ोतरी हुई है। पंजाब के मुख्यमंत्री की किसानों से पराली नहीं जलाने की अपील भी बे असर हुई है। दूसरी तरफ हरियाणा सरकार कह रही है पराली जलाने पर किसानों पर कार्रवाई की जा रही है। रोकथाम के प्रयास भी किये जा रहे है।

इसी के साथ सियासत भी बेकाबू हो गयी है। नेता एक दूसरे को दोषी ठहराने पर लगे है। बताया जाता है पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की हजारों घटनाएं सामने आ चुकी है। पंजाब ,हरियाणा सहित कुछ राज्यों में किसान जमकर पराली को जला रहे हैं। राज्य सरकारें इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए तमाम तरह की कोशिशें करने का दावा करती हैं, लेकिन ये दावे हवा हवाई नजर आ रहे हैं। पराली प्रदूषण की वजह से जहां बच्चे परेशान होते है। वहीं बुजुर्गों को भी कई तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच ठंड की आहट के साथ दिल्ली-एनसीआर समेत उसके आसपास के राज्यों में प्रदूषण के स्तर में भी इजाफा देखने को मिल रहा है। पंजाब और हरियाणा में किसानों द्वारा पराली जलाए जाने का सिलसिला जारी है। सरकार द्वारा तमाम प्रयासों के बावजूद किसान पराली जला रहे हैं। पराली धान की फसल के कटने बाद बचा बाकी हिस्सा होता है जिसकी जड़ें धरती में होती हैं। किसान पकने के बाद फसल का ऊपरी हिस्सा काट लेते हैं क्योंकि वही काम का होता है बाकी अवशेष होते हैं जो किसान के लिए बेकार होते हैं। उन्हें अगली फसल बोने के लिए खेत खाली करने होते हैं तो सूखी पराली को आग लगा दी जाती है। बड़े पैमाने में खेतों में पराली को जलाने से धुएं से निकलने वाली कार्बन मोनो ऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड गैसों से ओजोन परत फट रही है इससे अल्ट्रावायलेट किरणें, जो स्किन के लिए घातक सिद्ध हो सकती है सीधे जमीन पर पहुंच जाती है। इसके धुएं से आंखों में जलन होती है। सांस लेने में दिक्कत हो रही है और फेफड़ों की बीमारियां हो सकती हैं। पराली के प्रदूषण के चलते देश की राजधानी की आबोहवा फिर से बिगड़ने लगी है। देश की राजधानी दिल्ली और एनसीआर को वायु प्रदूषण से फिलहाल कोई राहत नहीं मिल रही। राष्ट्रीय राजधानी में दो प्रकार का प्रदूषण है। एक अंदरूनी प्रदूषण है जो वाहनों, धूल आदि से पैदा होता है और दूसरा पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश जैसे पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने के कारण होता है। दिल्ली में दम घोंटू जहरीली हवा हर साल तबाही मचाती है। प्रदूषण सिर्फ जान नहीं ले रहा है। सिर्फ सांसे नहीं छीन रहा है.बल्कि देश को खोखला भी कर रहा है. दावा है प्रदूषण की वजह से हर साल कई लाख करोड़ों का नुकसान होता है। एक शोध के अनुसार बिगड़ती हवा की गुणवत्ता और हवा में प्रदूषकों के बढ़ते स्तर से सांस की बीमारी और विकारों की संख्या और गंभीरता बढ़ जाती है।

## 20 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में चैकी प्रभारी गनीवा राजोल नागर ने रामप्रकाश पुत्र मुल्ला निवासी लौधारा के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ राजापुर थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में चैकी प्रभारी गनीवा राजोल नागर, सिपाही प्रमोद कुमार व पवन यादव शामिल रहे।

## 18 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्यामप्रताप पटेल की अगुवाई में दरोगा रविकान्त राय ने वीरेन्द्र पुत्र बुद्धराज निवासी ओरा के कब्जे से 18 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा रविकान्त राय व सिपाही दीपक शामिल रहे।

## चचेरे बहनोई ने सिपाही पत्नी से किया दुष्कर्म

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी क्षेत्र में कमरा लेकर अकेली रहने वाली साली के साथ चचेरे बहनोई ने दुष्कर्म की घटना अंजाम दी। किसी तरह बहनोई के चंगुल से छूटी साली ने 1090 में कॉलकर घटना की जानकारी दी। घटना के बाद बहनोई फरार हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने बहनोई के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

रविवार को बांदा के कमासिन थाना की युवती मुख्यालय के डिग्री कालेज में स्नातक छात्रा है। दो वर्ष पहले उसकी शादी हुई है। पति जालौन में सिपाही पद पर तैनात है। युवती कर्वी कोतवाली क्षेत्र में किराये के कमरे में रहती है। पति आता-जाता रहता है। युवती शुक्रवार को सब्जी लेने गई थी। पति घर पर था। बांदा के अतर्रा थाना क्षेत्र के गुमाई के राममिलन ने उसे फोन किया। वह युवती के साथ कमरे में चला गया। कमरे में पहुंचते ही दरवाजा बंदकर उसे दो थप्पड़ मारे। उसके साथ गलत काम किया। रिश्तेदार ने किसी से न बताने की धमकी देकर चला गया। 1090 पर कॉल कर घटना बताई। घटना के समय पति दवा लेने चले गए थे। लौटने पर उन्हें घटना की जानकारी दी।

कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पांडेय ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया है। पीड़िता का आरोपी चचेरा बहनोई है। पीड़िता का डॉक्टरी परीक्षण कराया जा रहा है। आरोपी की तलाश की जा रही है। नामजद आरोपी रेलवे में सहायक लोको पायलट पद पर कार्यरत है। विभाग को सूचना दी गई है।

## धनतेरस-दीपावली में खुदरा व्यापारियों से करें खरीद्दारी: शानू

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने देश के व्यापारियों व उपभोक्ताओं से कहा कि इस बार दीपावली-धनतेरस व अन्य पर्व व्यापारियों के लिए शुभकारी होंगे। पुरानी परंपरा के मद्देनजर लोग दुकानों से खरीददारी करेंगे।

रविवार को व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने कहा कि इस बार त्योहारों में बाजारो पर सजावट व रौनक दिख रही है। दीपावली में सभी भाई-बहन बाजारों में सजी दुकानों से ही खरीददारी करें। भारत की लाइफ लाइन देश के खुदरा व्यापारी हैं। त्योहारों में बाजारों से लेकर घरों तक रौनक बिखेरने में अहम भूमिका निभाते हैं। समाजसेवी शानू गुप्ता ने कहा कि इस बार दीपावली में लोग स्वदेशी इलेक्ट्रॉनिक लाइट समेत मिट्टी से बने दिये का अधिक प्रयोग करें। घरों में हर्बल प्रोडक्ट का उपयोग कर ग्रीन दीपावली मनायें। घरों से निकलकर कपड़े आदि की खरीददारी करें। आज कल तो ऑर्गेनिक क्लॉथ दुकानों में भी उपलब्ध है। नए वस्त्र खरीदने की पुरानी परंपरा को सभी मिलकर बढ़ावा दें। घरों में अन्य वस्तुओं के साथ प्राकृतिक फूलों का भी अधिक प्रयोग करें। फूलों के रंग से रंगोली बनायें। विदेशी ऑनलाइन कंपनियों से खरीददारी न करें। ई-कॉमर्स व्यापार जो भारत के मजबूत स्तंभ खुदरा व्यापार तेजी से प्रभावित कर रहा है।

## पीएम-सीएम लोगों के स्वास्थ्य को हैं चिन्तित: सांसद , पार्क का शुभारम्भ कर बोले सांसद



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** तकरीबन दो करोड़ की लागत से बने अटल पार्क को नगर पालिका ने जनता को समर्पित किया। सांसद आरके सिंह पटेल ने पार्क का फीता काटकर- नारियल फोड़कर अटल पार्क का लोकार्पण किया। ये पार्क पिछले कई महीनों से तैयार था। व्यायाम करने को अत्याधुनिक उपकरण ओपन जिम व बच्चों को झूले लगाए गए हैं। रविवार को सांसद आरके सिंह पटेल ने पार्क का शुभारम्भ किया। कहा कि नगरवासियों के स्वास्थ्य को ये पार्क वरदान साबित होगा। अटल पार्क में पांच रुपये प्रतिदिन घूमने का टिकट लगेगा। मासिक 50 रुपये देना होगा। अराजकतत्वों का प्रवेश वर्जित रहेगा। गलत गतिविधियों में पाये जाने पर कठोर कार्रवाई होगी। ये शुल्क पार्क के रखरखाव में खर्च होगा। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी ने देशवासियों-प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य के प्रति चिंतित हैं। स्वास्थ्य सेवायें मजबूत की जा रही हैं। गांव-गांव तक स्वास्थ्य सुविधायें पहुंचाई जा रही हैं। शहर से लेकर गांव तक नियमित व्यायाम को पार्कों की सुविधा दी जा रही है। आयुष विभाग जगह-जगह प्रतिदिन सवेरे योगाभ्यास करा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने सांसद का स्वागत कर कहा कि नगर पालिका शहर के सुंदरीकरण व नगरवासियों को सुविधा मुहैया कराने को मोदी-योगी की मंशानुसार कार्य कर रहा है। अटल पार्क का निर्माण एक वर्ष से हो रहा था। नगरवासी सुबह-शाम पार्क में घूमकर जिम का लाभ उठायें। स्वस्थ शरीर और मन से कोई भी व्यक्ति कर्तव्य और दायित्वों का निर्वहन कर सकता है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, ईओ लालजी यादव, सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला, वार्ड मेम्बर शंकर यादव, विनीत पयासी, शुभम केशरवानी, राजा साहू, शकुंतला गुप्ता, राजकुमार वर्मा, चंद्रप्रकाश, अनुज निगम, बालू निषाद, शैलेंद्र सोनी, शिव प्रकाश, रामचंद्र, जग्गू, अरुण त्रिपाठी, लवकुश यादव, बड़े बाबू ज्ञानचंद गुप्ता, सुभाष गुप्ता, राजेंद्र राम, रवि, ज्ञानेंद्र कौशल, आमिर खान, अंकित जायसवाल, लवकुश प्रसाद, प्रवीण श्रीवास्तव, करमोत्तम सिंह, संजय गुप्ता, धीरेंद्र, सुमित गुप्ता, स्वच्छता अभियान समन्वयक शिवा कुमार, अभिषेक आदि मौजूद रहे।

# भाजपा के पहले चरण के मतदाता चेतना अभियान को बनाया सफल

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** भाजपा ने 11 मंडलों के 124 शक्ति केंद्रों के 428 बूथों पर चार-पांच को मतदाता चेतना में अलग- अलग स्थानों पर जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, सांसद आरके सिंह पटेल, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, ब्लाक प्रमुख अरविन्द मिश्रा, गंगाधर मिश्रा, जिला संयोजक मतदाता चेतना महाअभियान के आलोक पाण्डेय, विधानसभा संयोजक भागवत त्रिपाठी की मौजूदगी में जिलाध्यक्ष ने प्रयागराज रोड शक्तिकेंद्र बूथ पर नये मतदाताओं के फार्म भरवाकर जमा कराये।

रविवार को जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने मतदाता चेतना महाअभियान पर चर्चा करते हुए कहा कि एक-एक वोटर का नाम वोटर सूची में शामिल करवाना संकल्प है। 18 साल की आयु पूरी कर चुके हर युवा को वोटर बनाना है। मतदाताओं से संवाद कर जागरूकता लानी है। वोटरों को जागरूक कर जातिवादी, वंशवादी राजनीति को समाप्त करना है। वोटबैंक तुष्टीकरण की राजनीति को खत्म करना है। शत-प्रतिशत मतदान को मतदाताओं से आग्रह करना है। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि मतदाता सूची में कमियों को दूर करना होगा। सबको ज्यादा से ज्यादा मतदाता जोडने का काम करना है। पंकज अग्रवाल ने कहा कि सबको घर-घर सम्पर्क कर प्रयास करना होगा। आलोक पाण्डेय ने कहा कि 124 शक्ति केंद्रों के 428 बूथों पर कार्यकताओं ने घर-घर सम्पर्क कर युवाओं को ज्यादा से ज्यादा मतदाता बनाने के कार्य किये हैं। जिलाध्यक्ष की अगुवाई में शक्ति केंद्रों के प्रवासी, प्रभारी, संयोजक, जनप्रतिनिधि, जिला मोर्चा एवं मंडल पदाधिकारी, बूथों के अध्यक्ष, पन्ना प्रमुखों ने घर-घर सम्पर्क कर मतदाता चेतना महाअभियान के पहले चरण को सफल किया है।

कार्यकताओं के प्रयास से 1400 से अधिक लोगों के नाम जुडवाने को फार्म भरवाकर जमा कराये हैं। मतदाता चेतना महाअभियान में डॉ रणवीर सिंह चैहान, तीरथ तिवारी, निर्मलेन्द्र पाण्डेय, मनोज तिवारी, महेश केशरवानी, आनन्द पाडे, शशि मिश्रा, शुभम गुप्ता, श्रवण पाडे, अखिलेश रैकवार, रवि गुप्ता, सुमित मिश्रा, अर्चना सिंह, रमाकांत पाण्डेय, मनीष सिंह, विनोद पांडे, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, सच्चिदानंद गर्ग, श्रवण पटेल, रमाकान्त पाडे, प्रेमलाल, पवन बद्री, सुशील द्विवेदी, ओमप्रकाश मिश्रा, महेश पाडे, बृजेन्द्र शुक्ला, भवानी जोशी के साथ अलग- अलग स्थानों पर कार्यकर्ता सहभागी हुए।

# विद्यालय की दीवारों में दिखने लगी दरारें

## मानकविहीन कार्य की हो जांच

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** शिक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाने को सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक विद्यालयों का निर्माण कराया जा रहा है। विद्यालय निर्माण कार्य में प्रभारियों की मनमानी से मानकविहीन कार्य से सरकारी धन को ठिकाने लगाया जा रहा है।

ये खुलासा रविवार को पहाडी ब्लाक के बरद्वारा गांव के नन्ही का डेरा में बन रहे नये प्राथमिक विद्यालय में हुआ। बताया गया कि जिम्मेदार अधिकारियों की कमीशनखोरी से मानकविहीन कार्यों को क्लीन चिट दी जा रही है। समग्र शिक्षा अभियान के तहत छह नए प्राथमिक विद्यालयों के नवीन निर्माण का कार्य हो रहा है। पहाड़ी ब्लाक के बरद्वारा गांव के नन्ही का डेरा में नए प्राथमिक विद्यालय निर्माण में मानकविहीन कार्य कराकर सरकारी धन को ठिकाने लगाया जा रहा है। समग्र शिक्षा अभियान के तहत कराये प्रत्येक विद्यालय निर्माण कार्य की लागत 20.36 लाख रुपये थी। विद्यालय भवन को 11.21 लाख, बालक शौचालय निर्माण को 95 हजार, बालिका शौचालय निर्माण को 95 हजार व दिव्यांग शौचालय निर्माण को 95 हजार मंजूर थे। सोलर पैनल को 2.68686, मल्टी प्ले हैंडवाश को 0.197 लाख, समर्सीबल पंप को 1.48 लाख, इलेक्ट्रानिक फिटिंग को 0.07539 लाख व किचेन शेड को 2.815 लाख की धनराशि मंजूर है। निर्माण प्रभारियों ने शासन की नियमावली के विपरीत मानकविहीन कार्य कराकर कोरम पूरा करने का काम किया है। नवीन प्राथमिक विद्यालय नन्ही का डेरा के निर्माण कार्य में निर्माण प्रभारी ने विद्यालय निर्माण में मानकविहीन सामग्री का प्रयोग कर निर्माण कराया है। इससे नवनिर्मित विद्यालय भवन की दीवारों पर दरारें आने लगी है। दिव्यांग शौचालय निर्माण व बालक-बालिका शौचालय निर्माण में धांधली बरती गई है। विद्यालय व शौचालय के सामने लगी रेलिंग के पावे उखड़ने लगे हैं। ये सब निर्माण कार्य की पोल खोल रहे हैं। विद्यालय निर्माण शासन की नियमावली को दर-किनार कर कराये गये हैं। इनकी जांच कर कार्यवाही होनी चाहिए।

# सरकारी सडक खुलवाकर प्रशासन अर्जित कर सकता है करोडों का राजस्व

## -सरकारी सडक व कुआ पर हैं तीन लोगों के अवैध कब्जे- दीपावली बाद समाजसेवी लेंगे हाईकोर्ट का सहारा

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के हृदय स्थल कर्वी बस स्टैण्ड पर सरकारी सडक व कुआ पर अवैध ढंग से काबिज लोगों को बेदखल कर उस जमीन को प्रशासन लीज पर भी लोगों को दे तो करोडों रुपये का राजस्व सरकार को मिल सकता है। इस जमीन पर तीन लोगों के अवैध कब्जे लम्बे समय से हैं।

रविवार को बस स्टैण्ड कर्वी के हाईवे से सटे पाण्डेय कालोनी को जाने वाले रास्ते के ठीक बगल से एक सडक तीस फुट चैडी व तकरीबन दो सौ मीटर लम्बी सडक पर लोगों के अवैध कब्जे हैं। ये सरकारी सडक व कुआ से होते हुए लोग कोठी तालाब की ओर जाते थे। इस सडक पर कोठी तालाब की ओर दीवार खडी कर सडक पर अवैध ढंग से कब्जा कर लिया गया है। इसी तरह वहां बने बडे कुआ को भी लैट्रीन टैंक बना दिया गया है। इस सरकारी सडक व कुआ का गाटा संख्या 441 आज भी अभिलेखों में दर्ज है।

जिलाधिकारी इस सरकारी सडक व कुआ की राजस्व टीम भेजकर पैमाइश करायें तो सडक का खुलासा तत्काल हो जायेगा। ये सडक जिला मुख्यालय के पुराने लोगों की जानकारी में है। इस सडक से लोग लम्बे अरसे तक गुजरते थे। ये सडक उस जमाने में इस लिहाज से बनवाई गई थी कि दीपावली मेला व अन्य अवसरों पर हाईवे पर भीड का दबाव बढने पर लोग उस सडक से गुजर सकें। इस सडक पर हीरामन जायसवाल, ठेकेदार चैबे व राधेरमन पाण्डेय के अवैध कब्जा करने के बाद से लोगों का आवागमन बन्द हो गया है। ये सरकारी सडक खुलने से बूढे, बुजुर्ग व असहाय लोग आसानी से भीड से बचकर गुजर सकते हैं। इस सरकारी सडक को जिला प्रशासन चाहे तो खुलवाकर लोगों को लीज पर देकर करोडों रुपये का राजस्व भी अर्जित कर सकता है। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे को सख्ती से हटाने के निर्देश के बाद भी इस सडक को खुलवाने के प्रयास फिलहाल नहीं किये जा रहे। समाजसेवियों ने कहा है कि वे सडक खुलवाने को अब हाईकोर्ट का सहारा लेंगे। समाजसेवियों ने कहा कि वे सभी अभिलेख निकलवाकर दीपावली बाद हाईकोर्ट में याचिका कर सडक खुलवाने की पहल करेंगे।

# नदी में डीएम की पहल पर उतरी पोकलेन

## बुंदेली सेना ने की जिलाधिकारी की सराहना

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी की पहल पर सिंचाई विभाग ने पोकलेन मशीन मन्दाकिनी नदी की खुदाई को उतार दी है। नयागांव रपटा के पास नदी में बने टीले की खुदाई को उतरी पोकलेन ने पहले दिन नदी की गहराई बढ़ाई। बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी का आभार जताया है।

रविवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि नयागांव रपटा के पास नदी में बने टीले को हटाने को जिलाधिकारी से पोकलेन की मांग की थी। बारिश से पहले नगर पालिका की जेसीबी मशीन उतरी तो फंस गई थी। फिर एक पोकलेन मशीन पहुंची, लेकिन आपरेटर ने नदी में उतरने से हांथ खड़े कर लिए। अब सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता आशुतोष कुमार ने पोकलेन मशीन नदी में उतरवाई है। मौके पर इंजीनियर गुरु प्रसाद ने नारियल तोड़कर पोकलेन की शुरूआत कराई। मौके पर खड़े रहकर दिशा-निर्देश दिए।

रविवार को पहले दिन नयागांव रपटा से लेकर 50 मीटर नदी की गहराई बढ़ाई गई। अगले 3-4 दिन तक पोकलेन रातो-दिन नदी में काम करेगी। पोकलेन मशीन से खुदाई होने से नदी के तमाम बंद पड़े जलस्रोत खुलने की उम्मीद है। बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी की पहल की मुक्तकंठ से सराहना की है। कहा कि टीला हटने व नदी की गहराई होने से पन्नालाल घाट प्रदूषण मुक्त व नहाने लायक बन जाएगा। अभी गंदगी व प्रदूषण से नदी कराह रही थी।

## यातायात पुलिस ने जांचकर 110 वाहनों से वसूले 196000 रुपये, ट्रैक्टरों में लगाये रिफ्लेक्टर




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** यातायात माह में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर यातायात प्रभारी मनोज कुमार की टीम ने राजापुर व पहाड़ी में दोपहिया/चारपहिया वाहनों की जांच कर 110 वाहनों का ई-चालान किया।

रविवार को यातायात प्रभारी मनोज कुमार ने वाहनों के ई-चालान से 196000 का जुमार्ना वसूला। कृषि कार्य में लगे ट्रैक्टर ट्राली पर रिफ्लेक्टर लगाये। धनुष चैराहे पर ट्रांसपोर्टरों व ट्रक, टेंपो, रिक्शा चालकों के साथ खुली बैठक कर उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया। बताया कि यातायात के नियम सबकी सुरक्षा को हैं। वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें।

यातायात प्रभारी मनोज कुमार सक्रियता से पुलिस अधीक्षक के निदेर्शों के तहत यातायात माह को सफल बनाने में जुटे हैं। यातायात माह दौरान वाहनों की लगातार जांच व चालान की कार्यवाही जारी है।

## पुलिस ने पांच जुआरियों को रंगेहाथ दबोचा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर दीपावली पर्व के मद्देनजर अपराधों पर अंकुश लगाने को जारी कार्यवाही में चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह की टीम ने पांच जुआरियों को जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा है।

रविवार को चैकी प्रभारी ने बुद्ध विलास पुत्र गोविन्द, राजकरन कुशवाहा पुत्र कल्लू, राहुल कुशवाहा पुत्र गरीबदास, राजकुमार पुत्र बाबूलाल व मिथुन पुत्र जगदीप निवासी बान तालाब को ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाते जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा है। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से ताश के 52 पत्ते व 35 सौ रुपये तथा जामा तलाशी से पांच सौ रुपये बरामद किये हैं। जुआरियों के खिलाफ जुआ अधिनियम में चालान किया है। टीम में चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह, सिपाही सोमदेव, शिवपूजन, अनुज यादव व अभिषेक प्रताप शामिल रहे।

## क्षेत्रों में भ्रमण कर एंटी रोमियो टीमों ने महिलाओं को किया जागरूक



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के जारी मिशन शक्ति अभियान-4 में जिले के सभी थानों की एंटी रोमियों टीमों/शक्ति दीदी ने सार्वजनिक स्थलों एवं गांवों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा बाबत उपायों के प्रति जागरुक किया।

रविवार को मिशन शक्ति-4 व शक्ति दीदी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर जिले की नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर/लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में सभी थानों में एंटी रोमियों टीमों ने विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं गांवों का भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं को चैराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराने, राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन, अभद्र टिप्पणी आदि की घटनाओं को रोकने को जागरुक किया। महिला/बालिकाओं को सुरक्षा बाबत हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी। मौजूद महिलाओं/बालिकाओं से कहा कि थानों में महिला सुरक्षा/सहायता को महिला हेल्पडेस्क है। महिला पुलिस कर्मी महिलाओं की शिकायत सुनकर निस्तारण करती हैं। महिलाओं-बालिकाओं को महिला सुरक्षा बाबत हेल्पलाइन नम्बरों के पंपलेट बांटे।

## साइबर अपराधियों पर कसा शिकंजा, 12 पीडितों की लौटाये 3,38,224 रुपये

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** मौजूदा समय में बढ़ते साइबर अपराध रोकने को आम जनता को राहत दिलाने की गरज स जारी अभियान में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ कार्यालय राज कमल की देखरेख में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह की टीम ने सार्थक प्रयास कर 12 साइबर अपराध पीड़ित लोगों के 3,38,224 रुपये उनके खातों में लौटाये हैं।

रविवार को साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह, सिपही सर्वेश कुमार, प्रशांत कुमार ने प्रयास कर 12 पीडितों के रुपये बरामद किये हैं। प्रवीन रावल की टीम का भी सहयोग रहा। ज्ञात है कि मौजूदा समय में आम जनता बैंक आने-जानें व बैंकिग औपचारिकताओं में समय को बचाने को व भारत सरकार के डिजिटल लेन-देन को बढावा देने को एन्ड्राइड मोबाइल फोन से आनलाइन बैंकिंग सेवा का लाभ ले रहे हैं। इस कार्य में जरा सी चूक होने पर लोग साइबर ठगी का शिकार भी हो रहे है। आनलाइन बैंकिंग सेवा का लाभ लेने वाले लोगों को ये जानकारी जरुरी है कि कैसे साइबर ठगी के शिकार होते हैं। सावधानी अपनाकर साइबर ठगी से बच सकते हैं। किसी भी प्रकार का साइबर फ्राड होने पर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर काल करें। अपने थाना के साइबर हेल्प डेस्क/जनपदीय साइबर सेल में सूचना दें।

## निज्जर मर्डर केस: 'हाई लेवल से मिले निर्देश पर भारत को किया गया बदनाम'



**ओटावा**
खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा और भारत में फिर तकरार सामने आई है। भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के संबंध में ट्रूडो के आरोपों पर एक बार फिर सबूत मांगे हैं।

**ट्रूडो के बयान से जांच को पहुंचा नुकसान**
भारतीय राजदूत नेको द ग्लोब एंड मेल को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि निज्जर की हत्या में भारत की कथित संलिप्तता के बारे में कनाडा या उसके सहयोगियों द्वारा भारत को ठोस सबूत नहीं दिखाए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कनाडाई पुलिस द्वारा की जा रही हत्या की जांच को पीएम ट्रूडो के बयानों से नुकसान पहुंचा है।

**भारत ने जताया था एतराज**
कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने जून में निज्जर की हत्या में भारत सरकार के एजेंटों की संलिप्तता का आरोप लगाया था, जिसके बाद भारत ने कड़ा एतराज जताया था। भारत ने आरोपों को "बेतुका और गलत" कहकर खारिज कर दिया था।

**दागदार हुई जांच, भारत को बदनाम करने की साजिश**
भारतीय राजदूत ने कहा कि इस मामले में हमें जांच में सहायता के लिए कोई विशेष या प्रासंगिक जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने कहा, सबूत और जांच का निष्कर्ष कहां है? मैं एक कदम आगे बढ़कर कहूंगा कि अब जांच पहले ही दागदार हो चुकी है। उच्च स्तर पर किसी से यह कहने का निर्देश आया है कि इसके पीछे भारत या भारतीय एजेंट हैं।

## यूएन ने पाकिस्तान से निर्वासित हो रही महिलाओं और बच्चों को लेकर जताई चिंता

**इस्लामाबाद**
पाकिस्तान से लाखों विदेशियों को निर्वासित किया जा रहा है। इस निर्वासन में महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा जोखिमों का सामना करना पड़ रहा है। इन जोखिमों को देखते हुए तीन संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों ने शुक्रवार को सभी बच्चों और परिवारों की सुरक्षा का आह्वान किया है।
संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों का कहना है कि पाकिस्तान में घूमने, हिरासत केंद्रों में रहने, सीमा पार करने और अफगानिस्तान लौटने पर बच्चों को गंभीर सुरक्षा जोखिमों का सामना करना पड़ता है।



संयुक्त राष्ट्र की तीन एजेंसियों द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में, यूएनएचसीआर, आईओएम और यूनिसेफ ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पाकिस्तान में विस्थापित बच्चों, परिवारों और शरणार्थियों के लिए समर्थन बढ़ाने का आह्वान करना जारी रखा है। इस आह्वान में गरीब लोग भी शामिल हैं।

**पाकिस्तान की सहायता करने की जताई प्रतिबद्धता**
बच्चों को अपनी सुरक्षा, पारिवारिक अलगाव, संकट, भय, दुर्व्यवहार और शोषण के लिए शारीरिक खतरों का सामना करना पड़ता है। रिपोर्ट के अनुसार, इसके अतिरिक्त, यूएनएचसीआर और आईओएम ने देश के भीतर चल रही सुरक्षा की आवश्यकता वाले व्यक्तियों के पंजीकरण, प्रबंधन और स्क्रीनिंग के लिए एक तंत्र विकसित करने में पाकिस्तान की सहायता करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है।

**वर्तमान में मानवीय संकट से जूझ रहा है अफगानिस्तान**
अधिकांश अफगानी अब पाकिस्तान में गिरफ्तारी या निर्वासन के डर से लौट रहे हैं। अफगानिस्तान वर्तमान में मानवीय संकट से जूझ रहा है, जो चल रही मानवाधिकार चुनौतियों और कठोर सर्दियों के बढ़ते खतरे का सामना कर रहा है।
डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, देश में लगभग 30 मिलियन लोगों को मानवीय सहायता की आवश्यकता है, जिनमें से 3.3 मिलियन लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हैं।

## फिट है तो हिट है समूह 19 नवंबर को ऋषिकेश में आयोजित करेगा मैराथन प्रतियोगिता

**ऋषिकेश**
फिट है तो हिट है समूह आगामी 19 नवंबर को ऋषिकेश में गंगेश्वर महादेव मंदिर, वीरभद्र में एक मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन पहली बार उत्तराखंड में करेगा । यह जानकारी रविवार को समूह संस्थापक नितिन त्रिपाठी ने प्रेस क्लब सभागार में पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी 21 किमी, 10 किमी, 5 किमी और 3 किमी वर्ग में हिस्सा ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि सभी प्रतिभागियों को मेडल और ई सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे. 21 किमी प्रतियोगिता के विजेता को 11,000 और उप विजेता को 5,100 का नकद पुस्कार भी दिया जाएगा। प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न प्रांतों से हिस्सा लेने के लिये प्रतिभागी आयेंगे। समूह के फिटनेस एक्सपर्ट कुलदीप वर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ऋषिकेश की जनता में फिटनेस के प्रति जागरूकता पैदा करना है। प्रतियोगिता के प्रायोजक शुभ चिंतक ऋषिकेश समूह, एटेरो, पंचभूत योग एवं अर्हत योग न्यास हैं। होटल पार्टनर निर्वाण रिवर रिसोर्ट एवं हेल्थ पार्टनर मैक्स हेल्थकेयर है। पूरे देश में लगभग दस हजार सदस्य हैं जिसका मुख्यालय लखनऊ में है। इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभा करने वाले स्कूली छात्र छात्राएं निशुल्क पंजीकरण करा सकेंगे जिसमें देश-विदेश के प्रतिभागी भी प्रतिभागी कर रहे हैं । प्रेस कॉन्फ्रेंस में गोविंद अग्रवाल, भूपेन्द्र शुक्लेश, शैलेश शुक्ला एवं आशीष मोहन की उपस्थिति रहे।

## हिमाचल लोक उत्सव की पहली शाम रही पहाड़ी संस्कृति के नाम

**नाहन**
सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में हिमाचल लोक उत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमे युवाओं व बच्चों के लिए विशेष प्रतियोगी स्पधाओं का आयोजन किया जा रहा है। हिमाचल लोक उत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या पहाड़ी गायकों के नाम रही। इसमें हाल ही में विश्व रिकॉर्ड में सिरमौरी नाटी को दर्ज करवाने वाले जोगिंदर हब्बी के दल का थौडा नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा।
इसके इलावा भी जिला के कई सांस्कृतिक दलों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्सव में स्टार नाइट पहाड़ी गायक अरुण जस्टा व हीनू नेगी के नाम रही ,उन्होंने अपने पहाड़ी नाटियों से लोगो का भरपूर मनोरंजन किया। पहली संध्या का शुभारम्भ समाज सेवी विनोज शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन से किया। डाइनामिक क्लब के अध्यक्ष ओ पी ठाकुर ने बताया कि चार दिवसीय इस हिमाचल उत्सव में युवाओं, बच्चों व पहाड़ी संस्कृति से जुड़े लोगो की लिए अनेक आयोजन किये जा रहे हैं और इसके साथ ही स्टार नाइट का भी आयोजन किया गया है। इन सबका उदेशीय प्रदेश की समृद्ध संस्कृति को बढ़ावा देना है।

## बिहार के नवादा में तेलंगाना के चार अंतर प्रांतीय साइबर अपराधी गिरफ्तार

**नवादा**
जिला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। नवादा साइबर पुलिस ने रविवार को चार साइबर अपराधियों को हिरासत में लिया है। पुलिस के हत्थे चढ़े सभी साइबर ठग तेलंगाना के हैं। गिरफ्तार साइबर अपराधी द्वारा तेलुगू भाषी तेलंगाना और आंध्रप्रदेश के भोले-भाले लोगों से धनी फाइनांस से लोन, इंडिया बुल्स से लोन, गैस एजेंसी और सिंपल वन इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीदने के नाम पर फोन कर ठगी किया करते थे। साइबर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जिले के वरिसलीगंज थाना क्षेत्र के झौर गांव में छापेमारी कर इन चारों को गिरफ्तार किया है । डीएसपी सह साइबर थानाध्यक्ष प्रिया ज्योति ने बताया कि वरिसलीगंज थाना क्षेत्र के झौर गांव निवासी भूषण कुमार उर्फ ओम विकास रंजन, पिता - अखिलेश प्रसाद द्वारा तेलंगाना से फ्लाइट से चार साइबर ठगों को बुलाकर सस्ते दर में ऋण आदि का प्रलोभन देकर ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे थे। पुलिस के हाथ चढ़े सभी साइबर ठग जिले के वरिसलीगंज थाना क्षेत्र के पटेल कॉलोनी के निवासी देव नारायण सिंह के मकान में किराए के मकान से ठगी कर रहे थे।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## हमास ने जो किया वह भयावह था...फलस्तीनियों के साथ जो हो रहा है वह असहनीय है: बराक ओबामा

**इस युद्ध में दोनों पक्षों से हजारों लोगों की मौत हो चुकी है। इस युद्ध को लेकर पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने एकबार फिर इस युद्ध की कड़ी निंदा की**



**वाशिंगटन**
**पिछले महीने** सात अक्टूबर को हमास ने इजरायल के ऊपर हमला किया। उस हमले के बाद इजरायल ने जवाबी हमले से इसे युद्ध का रूप दे दिया जो युद्ध अब तक जारी है। लगभग एक महीने से चल रहे इस युद्ध में दोनों पक्षों से हजारों लोगों की मौत हो चुकी है।
इस युद्ध को लेकर पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने एकबार फिर इस युद्ध की कड़ी निंदा की है।
बराक ओबामा ने कहा है कि यह संघर्ष 'सदियों पुरानी बात' है जो अब सामने आ गई है। न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, ओबामा ने इस युद्ध में दो खेमे में लोगों को बांटने के लिए सोशल मीडिया को दोषी ठहराया। इस बयान में ओबामा ने न केवल 7 अक्टूबर को इजरायल पर हुए हमले की निंदा की बल्कि उन्होंने फलस्तीन में नागरिकों की पीड़ा के बारे में बात की।

**फलस्तीनियों के साथ जो हो रहा है वह असहनीय- ओबामा**
ओबामा ने अपने बयान में कहा, "हमास ने जो किया वह भयावह था और उसको जस्टफाइ नहीं किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा, "और यह भी सच है कि जो फलस्तीनियों के साथ जो हो रहा है वह भी असहनीय है।"
पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, "यह भी सच है कि यहूदी लोगों का एक इतिहास है जिसे तब तक खारिज किया जा सकता है जब तक कि आपके दादा-दादी, आपके परदादा, या आपके चाचा या आपकी चाची आपको यहूदी विरोधी भावना के पागलपन के बारे में कहानियां न बताएं और जो सच है वह यह है कि अभी ऐसे लोग हैं जो मर रहे हैं जिनका हमास ने जो किया है उससे कोई लेना-देना नहीं है।"

**'इजरायल-हमास के बीच संतुलन बनाना महत्वपूर्ण'**
ओबामा ने दृढ़तापूर्वक अपने पूर्व सहयोगियों से "पूरी सच्चाई स्वीकार करने" का आग्रह किया और समर्थन का आह्वान करते हुए कहा कि जब इजरायल-हमास युद्ध की बात आती है तो संतुलन बनाना बेहद महत्वपूर्ण है।
हमास द्वारा 7 अक्टूबर के हमले के बाद गाजा में संघर्ष बढ़ गया है जहां लगभग 2500 आतंकवादियों ने गाजा पट्टी से इजरायल में सीमा पार कई लोगों को बंधक बना लिया है।

## पाक: 'अनावश्यक रूप से कोर्ट में लाया गया चुनाव की तारीख का मामला'



**इस्लामाबाद**
**पाकिस्तान** के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने कहा कि देश में आम चुनाव की तारीखों का मामला अनावश्यक रूप से कोर्ट में लाया गया है। उन्होंने कहा कि देश में चुनाव के संबंध में निर्णय पाकिस्तान के राष्ट्रपति और देश के चुनाव आयोग द्वारा किया जाना चाहिए था। समाचार एजेंसी एएनआई ने पाकिस्तानी अखबार डॉन के हवाले से यह जानकारी दी है।
मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने कहा कि अदालत ने इस मामले पर फैसला सुनाते हुए पूरी तरह से सावधान थी कि देश में आम चुनाव को लेकर राष्ट्रपति या चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण न हो।
सीजेपी ने शनिवार को जारी फैसले में कहा कि एक मामला जिसे राष्ट्रपति और ईसीपी द्वारा निपटाया जाना चाहिए था, उसे अनावश्यक रूप से इस अदालत में लाया गया।

**आठ फरवरी को पाकिस्तान में होंगे आम चुनाव**
पाकिस्तानी अखबार डॉन ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को चुनावी निगरानी संस्था को राष्ट्रपति के परामर्श से चुनाव की तारीख पर निर्णय लेने का आदेश दिया, जिसके बाद मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा की अध्यक्षता में चुनाव आयोग के प्रतिनिधिमंडल ने पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी के साथ बैठक की और 8 फरवरी को आम चुनाव कराने पर सहमति व्यक्त की।

**पाकिस्तान में जारी है राजनीतिक संकट**
मालूम हो कि अप्रैल 2022 में अविश्वास प्रस्ताव के जरिए इमरान खान की सरकार को हटाए जाने के बाद से ही पाकिस्तान में राजनीतिक अनिश्चितता शुरू हो गई थी, जो अभी भी जारी है। हालांकि, शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार ने नौ अगस्त को नेशनल असेंबली को भंग कर दिया था ताकि चुनावी प्राधिकरण से 90 दिनों के भीतर देश में चुनाव कराने की अनुमति मिल सके।

## इजरायल की कार्रवाई के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग, फलस्तीनी समर्थन में लगाए नारे

**वाशिंगटन**
इजरायल- हमास युद्ध को 30 दिन पूरे हो चुके हैं, लेकिन युद्ध में थमने के आसार नहीं दिख रहे और मरने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसी बीच, पिछले महीने हमास के हमले के जवाब में गाजा में इजरायल के सैन्य अभियान की आलोचना करने के लिए शनिवार को हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारी अमेरिकी शहरों की सड़कों पर इकट्ठा हो गए।

**युद्ध विराम और घेराबंदी खत्म करने का आह्वान**
न्यूयॉर्क, नैशविले, सिनसिनाटी, लास वेगास और यहां तक कि ओरोनो, मेन के विरोध प्रदर्शनों में गाजा में युद्ध विराम और घेराबंदी को समाप्त करने की मांग की गई। ये प्रदर्शन एशियाई और यूरोपीय राजधानियों में व्यापक विरोध प्रदर्शन इजरायली सरकार द्वारा बमबारी में मानवीय रोक के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के आह्वान को अस्वीकार करने के एक दिन बाद हुआ। विरोध प्रदर्शन 'मृतकों का शोक मनाओ; जीवित लोगों के लिए आखिरी दम तक लड़ो' और 'गाजा को जीवित रहने दो!' जैसे संदेशों के साथ किया जा रहा था। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, इजरायल के विनाश के लिए यहूदी विरोधी आह्वान के रूप में इसकी निंदा की गई है।



**अब तक 9000 से अधिक गाजावासियों की मौत**
राजधानी और अन्य जगहों पर भी खुलकर विरोध प्रदर्शन हुआ, जब जनमत सर्वे में हमास के खिलाफ सैन्य अभियान में इजरायल के लिए समर्थन दिखाया गया। हालांकि, इस सर्वे के बाद फलस्तीनियों की चिंता काफी बढ़ गई थी। मालूम हो कि हमास के हमले में लगभग 1,400 इजरायली मारे गए और इजरायल के बमबारी अभियान में अब तक 9,000 से अधिक गाजावासियों की मौत हो गई है।

**फलस्तीनी समर्थन में हुई नारेबाजी**
फलस्तीनी समर्थन ने सिनसिनाटी पर धावा बोल दिया और मार्च करने वाले सैकड़ों लोगों ने सड़कों को जाम कर दिया, चौराहे बंद कर दिए और पुलिस की उपस्थिति में फलस्तीनी समर्थक नारे लगाए। रैली और मार्च में अलग-अलग समूहों के लोग एक साथ नजर आए थे। यह कार्यक्रम सिनसिनाटी सोशलिस्ट्स द्वारा आयोजित किया गया था, लेकिन इसमें मुसलमान, काले कार्यकर्ता, कॉलेज के छात्र और शांति समर्थक भी शामिल हुए थे। सैन फ्रांसिस्को में, हजारों प्रदर्शनकारियों, जिनमें से कई यूनियन सदस्य, जिनमें शिक्षक और स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारी भी शामिल थे, सिटी हॉल के सामने सिविक सेंटर प्लाजा में भर गए। कई लोगों ने गाजा में चल रहे युद्ध में मारे गए हजारों फलस्तीनियों के सम्मान में फलस्तीनी झंडे लहराए और फुटपाथ पर फैली एक वेदी पर स्मृति चिन्ह और फूल छोड़े।
200 से अधिक प्रदर्शनकारियों का समूह यूटा में प्रोवो सिटी लाइब्रेरी के सामने इकट्ठा हुए, जिनमें मुसलमान, अरब अमेरिकी और आप्रवासी समेत की लोग शामिल हुए। उनमें से कई ने फलस्तीनी ध्वज के हरे, सफेद और लाल रंग के कपड़े पहने थे।